अथ द्रुतप्रस्तार लिख्यत ॥ जो द्रुतको प्रस्तार करे। तहां पहले एक द्रुत धरिये। सो एक भेद ··· ० (१) ॥ आगे द्रुतसों छोटो अंग अणु है। सो आगले भेदमें लिखिये ॥ और द्रुतकी मात्राकी भरति करिवेकों ये अणुके बांई ओर एक अणु और लिखिये ॥ ऐस दोय अणुको दुसरो भेद है ··· ᐡ ᐡ (२) ॥ अणुते आगे प्रस्तारं नहीं ॥ ऐसें द्रुतके दोय भेद जानिये ··· ० (१) ᐡ ᐡ (२) ॥ इति द्रुतको प्रस्तार संपूर्णम् ॥

अथ **दविरामको प्रस्तार लिख्यते** ॥ जो दविरामको प्रस्तार करे । तहां पहले दविराम लिखिये ॥ ऐसो एक भेद ··· ६ (१) ॥ और दविरामतें छोटो अंग द्रुत । सो दुसरे भेदमें लिखिये ॥ और दविरामकी मात्रा भरिवेकों । द्रुतके बांई ओर एक अणु लिखिये ॥ सो दुसरो भेद ··· ᴗ ० (२) ॥ आगे द्रुतते छोटो अणु । सो तीसरे भेदमें लिखिये ॥ फेर दविरामकी मात्रा भरिवेकों या अणुके बांई ओर एक द्रुत लिखिये ॥ सो तीसरो भेद ··· ० ᴗ (३) ॥ आगे द्रुततें छोटो अणु सो चोथे भेदमें लिखिये ॥ और तीसरे भेदमें द्रुतकी दाहिणी ओरको अणु । या अणुके दांहिणी ओर लिखिये ॥ और दविरामकी मात्रा भरिवेकों । इन दोऊ अणुके बांई ओर एक अणु और लिखिये ॥ सो चोथो भेद ··· ᴗᴗᴗ (४) ॥ ऐसें दविरामके च्यार भेद जांनिये ··· ६ (१) ᴗ ० (२) ० ᴗ (३) ᴗ ᴗ ᴗ (४) ॥ इति दविरामको प्रस्तार संपूर्णम् ॥

अथ लघुको प्रस्तार लिख्यते ॥ जो लघुको प्रस्तार करे । तहां पहले एक लघु लिखिये ॥ सो पहलो भेद हें ··· । (१) ॥ आगे लघुतें छोटो दविराम । सो दुसरो भेदमें लिखिये ॥ और लघुकी मात्रा भरिवेकों । या दविरामकी बांई ओर एक अणु लिखिये । सो दुसरो भेद ··· ᴗ ६ (२) ॥ आगे दविरामतें छोटो द्रुत । सो तीसरे भेदमें लिखिये ॥ या लघुकी मात्रा भरिवेकों । द्रुतके बांई ओर एक द्रुत और लिखिये ॥ सो तीसरो भेद ··· ० ० (३) ॥ आगे द्रुततें छोटो अणु । सो चोथे भेदमें लिखिये ॥ और तीसरे भेदमें प्रथम द्रुतके दांहिणी ओरको द्रुत । या अणुके दांहिणी ओर लिखिये । या लघुकी मात्रा भरिवेकों । इन द्रुतअणुके बांई ओर एक अणु और लिखिये । सो चौथो भेद ··· ᴗ ᴗ ० (४) ॥ आगे द्रुततें छोटो अणु । सो पांचवे भेदमें लिखिये ॥ और लघुकी मात्रा भरिवेकों या अणुके बांई ओर एक दविराम लिखिये ॥ सो पांचवो भेद ··· ६ (५) ॥ आगे प्रथम दविरामतें छोटो द्रुत ॥ सो छटवे भेदमें लिखिये ॥ और पांचवे भेदके दविरामकी दाहिणी ओरको अणु । या द्रुतके दांहिणी ओर लिखिये ॥ या लघुकी मात्रा भरिवेकों । या द्रुतके बांई ओर । एक अणु लिखिये ॥ सो छटो भेद ··· ᴗ ० ᴗ (६) आगे मध्यके द्रुतको छोटो अणु । सो सातवा भेदमें लिखिये ॥ और छटे भेदमें द्रुतकी दाहिनी ओरको अणु या

अणुके दाहिनी ओर लिखिये ॥ या लघुकी मात्रा भरिवेकों । इन दोऊ अणुके बांई ओर । एक द्रुत लिखिये ॥ सो सातवो भेद ··· ० ᐯ ᐯ (७) ॥ आगे द्रुततें छोटो अणु । सो आठवे भेदमें लिखिये ॥ और सातवे भेदमें । द्रुतकी दाहिनी ओरके दोऊ अणु । या अणुके दाहिनी ओर लिखिये ॥ या लघुकी मात्रा भरिवेकों । इन तीनो अणुके बांई ओर । एक अणु और लिखिये ॥ सो लघुको आठवो भेद ··· ᐯ ᐯ ᐯ ᐯ (८) ऐसे लघुके आठ भेद जानिये ··· । (१) ᐯ ὸ (२) ० ० (३) ᐯ ᐯ ० (४) ὸ ᐯ (५) ᐯ ० ᐯ (६) ० ᐯ ᐯ (७) ᐯ ᐯ ᐯ ᐯ (८) ॥ इति अणु । द्रुत । द्रविराम । लघुके प्रस्तार भेद संपूर्णम् ॥ या रीतसों लघु । लविराम । गुरु । प्लुत । इनको प्रस्तार कीजिये ॥ जहां दोय तीन आदिक अंगनको प्रस्तार होय । तहां शास्त्रोक्त रीत समझि । याहि तरह कीजिये ॥ इति प्रस्तारभेद लक्षण संपूर्णम् ॥

अथ अणु आदि सातों अंगन प्रस्तार भेदकी संख्या लिख्यते ॥ तहां प्रथम अणु है । ताके प्रस्तारके एक भेद है ॥ १ ॥ और दुसरो द्रुत है । ताके प्रस्तारके दोय भेद है ॥ २ ॥ तीसरो द्रविराम है । ताके प्रस्तारके च्यार भेद है ॥ ४ ॥ और चोथो लघु है । ताके प्रस्तारके आठ भेद है ॥ ८ ॥ पांचवो अणु लघु । ताके प्रस्तारके पंधरा भेद है ॥ १५ ॥ और लविराम छटो । ताके प्रस्तारके तीस भेद है ॥ ३० ॥ और सातवो अणु लविराम है । ताके प्रस्तारके अठावन भेद है ॥ ५८ ॥ आठवो गुरु । ताके प्रस्तारके एकसो चौद भेद है ॥ ११४ ॥ और नोवो अणु गुरु । ताके प्रस्तारके दोयसो बाईस भेद है ॥ २२२ ॥ दशवो द्रुत गुरु । ताके प्रस्तारके च्यारसो चौतीस भेद है ॥ ४३४ ॥ और ग्यारवो द्रविराम गुरु । ताके प्रस्तारके आठसो सेतालीस भेद है ॥ ८४७ ॥ बारवो प्लुत । ताके प्रस्तारके । सोलेसे छपन्न भेद है ॥ १६५६ ॥ और तेरवो अण प्लुत । ताके प्रस्तारके बत्तीससेतेतीस भेद है ॥ ३२३३ ॥ फेर चौदवो द्रुत प्लुत । ताके प्रस्तारके त्रेसठिसेसोले भेद है ॥ ६३१६ ॥ और पंध्रवो द्रविराम प्लुत । ताके प्रस्तारके । बारहजार तीनसे छत्तीस भेद है ॥ १२३३६ ॥ और सोलवो लघु प्लुत । ताके प्रस्तारके । चोईस हजार सत्याणवे भेद है ॥ २४०९७ ॥ ऐसे ही एक एक अणु बधते संख्या बधती जाय है ॥

अथ प्रस्तारसंख्या करिवेको लक्षण लिख्यते ॥ तहां प्रथमके कोठातें लेके । चोथो कोठाताई च्यारो कोठानमें अनुक्रमसों च्यारि अंक धरिये ··· १।२।४।८ ॥ पांचवे इत्यादि कोठाके जोड । उलटे क्रमसों प्रथम । दूसरे । तीसरे । चौथे । छटवे। आठवे । और बारावे कोठाके अंक ॥ ताके छटवो । आठवो । बारवो कोठा नहि मिले तो पांचवे। सातवे। ग्यारवे । कोठानकें अंक धरिये। तथा अब पांचवे कोठाको जोड ··· ८।४।२।१ ॥ छटवो कोठाका जोड··· १५।८।४।२।१ ॥ सातवो कोठाको जोड···३०।१५।८।४।१ ॥ आठवो कोठाको जोड ···५८।३०।१५।८।२।१॥ नवमो कोठाको जोड ··· ११४।५८।३०।१५।४।१॥ दशवो कोठाको जोड··· २२२।११४।५८।३०।८।२॥ ग्यारवो कोठाको जोड ··· ४३४।२२२।११४।५८।१५।४ ॥ बारवे कोठाको जोड ···८४७।४३४।२२२।११४।३०।८।१॥ तेरवो कोठाको जोड ··· १६५६।८४७।४३४।२२२।५८।१५।१ ॥चौदवो कोठाको जोड ··· ३२३३।१६५६।८४७।४३४।११४।३०।२ ॥पंध्रवो कोठाको जोड ···६३१६।३२३३।१६५६।८४७।२२२।५८।४॥ सोलवो कोठाको जोड ··· १२३३६।६३१६।३२३३।१६५६।४३४।११४।८ ॥

॥ प्रस्तारसंख्या यंत्र ॥

१	२	३	४	५	६	७	८
ᵕ	०	ठ	।	ᵕ ।	ा	ᵕ ा	ऽ
१	२	४	८	१५	३०	५८	११४
९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६
ᵕ ऽ	० ऽ	ठ ऽ	ऽ̄	ᵕ ऽ̄	० ऽ̄	ठ ऽ̄	। ऽ̄
२२२	४३४	८४७	१६५६	३२३३	६३१६	१२३३६	२४०९७

॥ इति प्रस्तारसंख्या यंत्र संपूर्णम् ॥

नष्ट उद्दिष्ट.

अथ नष्टको लक्षण लिख्यते ॥ संख्यारीति ॥ अणुआदि सातों अंगनके प्रस्तारमें दुसरा तिसरा आदिकपूछै तहा सब भेदनमें अणु द्रुत अंगनकों क्रम जानिवकों संख्या रीतिका लक्षण लिख्यते ॥ जहां कोउ अणु आदिक सातों अंगनके प्रस्तारमें। पहले दुसरे आदिक भेदमें। अणु द्रुत आदि अंगनकों क्रम पुछे। तहां जा अंगके प्रस्तार पुछें ता अंगके जितने अणु होय तितने कोठाकी पंक्तिरचि। उन कोठानमें संख्या जंत्रके क्रमसों। एकादिक अंक भरिये ॥ जो दूसरो तिसरो भेद पुछें तहां पूछ्यो अंक। दोयको वा तीनको अंक। वां पंक्तिके अंति कोठामें जो अंक होय तामें घटाईये। घटाया पीछे जो अंक रहतामें होय। सो अंतिके पासिके कोठामें लेके। पहले कोठाताईं उलटे क्रमसो कोठाको अंक रहतोमेंसे घटाईये। तब पूछे भेदके। अणु द्रुत आदिक अंगनको क्रम होय हैं। तहां अंति अंकमेंसे पहलो अंक नही घटे तब अणु लिजिये ॥ और जहां अंक घटे तहां द्रुत लिजिये। जहां मिलते दोय अंक घटे। तहां दविराम लिजिये ॥ जहां मिलते तीन अंक घटे तहां लघु लिजिये॥ जहां जो पहलो एक वा दोय तीन अंक घटते। आगे एक वा दोय अंक नही घटे। आगे एक वा दोय वा तीन मिलते वा न्यारे न्यारे घटे। तहा कोंहे क्रमसों द्रुत दविराम लघु अक्षर क्रमसों जानिये ॥ जहां अंतिकें अंकमें। अंतिकं पासिके कोठासों लेकं। लगते च्यारि कोठा घटे। और पांचवो कोठा छोडिये। तहां लविराम लिजिये ॥ ऐसेही च्यार कोठातो लगते। और छटवो कोठा घटे। पांचवो सातवों कोठा घटे तहां गुरु लिजिये ॥ और लगते च्यार कोठा। छटवो कोठा। आठवो कोठा घटे। पांचवो सातवों नवमो दशवी ग्यारवों कोठा छोडिये। वहां प्लुत लिजिये ॥ ऐसे सब भेदनमें अपनी बुध्दीसों अणु आदिक अंगनसों समझिये ॥ इति नष्ट विचार संपूर्णम् ॥

अथ उद्दिष्टको लक्षण लिख्यते ॥ जहां अणु आदि सातों अंगनके पहले दुसरे आदि कोउ एक भेद लिखि ॥ वांकि संख्या पूछे। तहां लिखि भेदमें जो अणु आदिक अंग होय। तिनके नष्ट रीतिसों जे संख्याके अंश आवें ॥ ते अंतिके अंकमें घटाईये ॥ घटाया पीछैं जो अंक रहे एक दोय आदिक। सो लिखे भेदकी संख्या जानिये ॥ **अथ उदाहरण लिख्यते ॥** जैसे

लघुके आठ भेद है ॥ तहां अणु द्रुत अणु ...ᵕ ० ᵕ...या भेदकी संख्या कहों। ऐसें पूछें ॥ तहां ए भेद लिखिये ॥ लघु भेदके संख्याके अंक क्रमसों पहले अणुपें एकको । द्रुतपें दोयकों। और अणुपें च्यारकों ये अंक धरियें॥ आठको अंक अंतिपे धरियें॥ या आठके अंकमें घटे क्रमसों च्यारको दोयको एकको ए मिल तीन अंक। नष्ट रीतसों घटाइये॥ अंक विनाघटे । अणु ॥ अंक घटे। द्रुत॥ दोय मिलते अंक घटे। द्विराम ॥ मिलते तीन अंक घटे । लघु ॥ ऐसेंही लविराम गुरु प्लुतके जा क्रमसों नष्टमें घटे । ताही रीतसों घटाईये ॥ इहां तिसरो अणु हे तो तिसरो च्यारिकों अंक है सों नही घटे ॥ दूसरो । २ । द्रुत हे। तो दूसरो अंक दोयको है। सो आठको ।८। अंकमें घटाइये। तब छहको अंक रहे॥ और पहलो । १। अणु है। तो पहले एकको अंकहे । सो छहका अंकमें नहीं घटाइये। तो या लिखिये भेदकी संख्या आठ कम दो याने छहको । ६ । अंक है॥ या छटवों भेद जानिये ॥ ऐसेही द्विराम आदिक अंक जहां लिखे भेदमें होय । ताकी संख्या जानिवेकों । नष्ट रीतसो क्रमसों अंक घटाये संख्या जानिये ॥ इति उद्दिष्ट संपूर्णम् ॥

अथ षट्ट प्रस्तार जानिये ॥ अणु आदि सात अंगनके सात मेरु है । तहां अणु मेरुको लक्षण लिख्यते ॥ जहां जो कोऊ तालको प्रस्तार कीजिये । वा तालके जितने अणु होय । तितनी गिणतीके कोठा रचि । एक नीचली पंक्ति कीजिये ॥ लघुप्लुत प्रस्तारके सोलह अणु होय । तो यहां नीचली आडिपंक्ति सोलह कोठानकी रचिये ॥ पीछे बांई ओरतें एक एक कोठा घाटि। उपरली उपरली पंक्ति कीजिये। जहां तांई एक कोठाकी उपरली पंक्ति होय ताहां ताई॥ ऐसेहि अणुमेरुमें ऊभी सोलह पंक्ति रचिये ॥ ऐसे मेरु रचके नीचली पंक्ति आदि सब पंक्तिनके पहले पहले तिरछा सब कोठानमें । एक एकको अंक भरिये ॥ और दूसरे दूसरे कोठानमें एक दोय आदिक अंक क्रमसों भरिये ॥ फेर नीचली पंक्ति भरिये। ताको प्रकार कहत है ॥ नीचली पंक्ति भरिवेमें जो कोठा भऱ्यो होय । योंहि उलटे क्रमसों पहलो कोठा छोडि । दुसरो तीसरो चोथो छटवो आठवो और बारवो इन कोठानके जितने अंक होय। तिनकों जोडि वाकों आगले कोठामें धरिये ॥ यहां प्रत्यक्ष अंतको चोथो छटवो आठवो बारवो कोठा । जोडवेमें नही लिजिये ॥ और छटवो आठवो बारवो कोठा नही मिलेतो उन कोठानको अगलो याने पांचवो सातवो ग्यारवो कोठा लीजिये ॥ या रीतसां नीचली पंक्ति भरिये ॥

दुसरी आदिक उपरली–उपरली पंक्ति भरिवेको प्रकार कहत है ॥ उपरली पंक्तिमें जो कोठा भर्‍यो होय । ता कोठाको नीचलो कोठा। नीचले पंक्तिनसे। पहलो कोठा गिणके। उलटे क्रमसो उपरली पंक्तिको। दुसरो तिसरो चोथो छटवो आठवा बारवो कोठा होय । इन सब कोठानके अंक जोडि । आगले कोठामें भरिये॥ यहांभी पंक्तिको बाई ओरको प्रत्यक्ष अंतको । चोथो छटो आठवो बारवो कोठा। जोडवेमें नही लीजिये ॥ और छटवो आठवो बारवो कोठा नहीं मिले तो। उन कोठानको आगलो। याने पांचवो सातवो ग्यारवो कोठा लीजिये ॥ वा रीति नीचली पंक्ति कीजिये ॥ यही रीतसे दुसरी आदिक ऊपरली ऊपरली सब पंक्ति भरिये॥ यह रीति जानिये ॥ उन पंक्तिनके सबते नीचलेके पंक्तिनमें जितनें कोठा होय । तहां प्रथमसें नीचले कोठानमें । अणु हीन भेद ॥ तातें ऊपरले ऊपरले कोठानमें। एक अणु दोय अणु आदिक भेद क्रमसों जानिये ॥ और सब कोठा जोडी ए तालके प्रस्तारभेदनकी संख्या होत है ॥ इति अणु मेरुको लक्षण संपूर्णम् ॥

१. अणुमेरु यंत्र.

															१
														१	१५
													१	१४	९४
												१	१३	१३	१०४
											१	१२	१२	९०	१५६
										१	११	११	७७	१३२	४९५
									१	१०	१०	६५	११०	३९५	७७०
								१	९	९	५४	९०	३०९	५८५	१६२९
							१	८	८	४४	७२	२३६	४३२	११६६	२२३२
						१	७	७	३५	५६	१७५	३०८	८०५	१४८४	३४३०
					१	६	६	२७	४२	१२५	२१०	५३१	९३८	२१००	३८२२
				१	५	५	२०	३०	८५	१३५	३३०	५५५	१२०१	२०९५	४२१५
			१	४	४	१४	२०	५४	८०	१८९	३००	६२६	१०४०	२०२३	३५०४
		१	३	३	९	१२	३१	४२	९६	१४२	२८५	४४७	८३९	१३३८	२२१८
	१	२	२	५	६	१५	१८	४०	५४	१०४	१५२	२७५	४१०	७१७	१०९४
१	१	१	२	२	५	५	११	१३	२४	३२	५६	७६	१२९	१८३	२९८
ᵕ	०	ॅ०	।	ᵕ।	ꞁ	ᵕꞁ	ऽ	ᵕऽ	०ऽ	ॅ०ऽ	ऽ̆	ᵕऽ̆	०ऽ̆	ॅ०ऽ̆	।ऽ̆
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६
१	२	४	८	१५	३०	५८	११४	२२२	४३४	८४७	१६५६	३२३३	६३१६	१२३३६	२४०९७

२. द्रुत मेरु.

अथ द्रुत मेरुको लक्षण लिख्यते ॥ या द्रुतमें प्लुत आदिक अंक जितने अणु होय तिन कोठाकी नीचली पंक्ति कीजिये । या पंक्तितें उपरली दुसरी पंक्ति । बांई ओरतें एक कोठा घाटि कीजिये ॥ तातें उपरली तीसरी आदिक पंक्ति जितनी होय । तितनी सब आपआपसों पहली पंक्तिसों बांई ओरतें दोय दोय कोठा घाटि किजिये ॥ ऐसे द्रुत मेरुमें उभी नो पांक्ति रचिये ॥ अब द्रुत मेरुकी नीचली पंक्ति आदिक पंक्तिमें एकादिक अंक भरिवेको प्रकार कहते हैं ॥ नीचली पंक्ति आदिक एक कोठाकी पंक्ति ताई । जितनी पंक्ति होय । तिनके पहले पहले कोठामें । एक एक अंक भरिये ॥ इन पंक्तिनके दूसरे दूसरे कोठामें । एक दोय तीन च्यार आदिक अंक क्रमसों भरिये ॥ ऐसे दोय दोय कोठा भरिये ॥ अब नीचली पहली पंक्तिके । तीसरे आदिक कोठा भरिवेको प्रकार कहते हैं । जो संख्या जंत्रकि नाई ॥ जाकोठामें अंक भरनो होय ता कोठाकी पासिके कोठाते लेके । संख्या जंत्रकी नाई उलटे क्रमसों ।सात कोठा लिजिये ॥ उनके अंक जोडि चार कोठाताई आगले कोठामें अंक भरिये ॥ यहा च्यार कोठा भरे उपरांत । जो पांचवो आदिक कोठा भरनो होय । ताके पासके कोठातें उलटे क्रमसों दूसरे कोठाको छोडि । संख्या जंत्रके क्रमकी रीतिसों सात कोठा जोडी । अंक भरिये ॥ तहां द्रुत मेरुमें छटवो आठवो बारवो कोठा नहीं मिले । तो ऊनको पहलो पांचवो सातवो ग्यारवो कोठा लिजिये ॥ और छटवो बारमो कोठा मिलेतो वोही लिजिये ॥ यातें सात कोठानके जोडमें उलटे क्रमसों । दूसरो पांचवो सातवो नवो ग्यारवो ये कोठा छोडि । बाकि कोठा जोडिये ॥ और तेरवो आदिक बारहते उपरांत कोठा नहीं लिजिये ॥ ऐसै नीचली पंक्ति भरिये ॥ अब ऊपरली ऊपरली पंक्तिनके भरिवेको प्रकार कहते हैं ॥ यहां ऊपरली पंक्तिनके तीसरे आदिक कोठामें । ऊपरली पंक्तिके दूसरी कोठातें उलटे क्रमसों दुसरो एक अंकको प्रथम कोठा है । सो तो छोडि । वा कोठाके नीचली पंक्तिको कोठा होय । सो दूसरे कोठाको स्थान लिजिये । बाकिके पहले संख्या क्रमसों जोडि तीसरे आदिक कोठानमें भरिये । इन ऊपरली पंक्तिनमें छटवो आठवो बारवो कोठा नाहि मिलेतो । पांचवो सातवो ग्यारवो कोठा नहीं लिजिये । ऐसै द्रुतमेरुकी ऊपरली सब पंक्ति भरिये ॥ यहा भी अणु मेरुकी सिनाई एकादिक कोठानकी आडि सोलह पंक्ति रचिये ॥ उन पंक्तिनके सबतें नीचलेके पंक्तिके कोठानमें । विना द्रुतके भेदनकी संख्या जानिये ॥ और दूसरे आदिक उपरले कोठानमें क्रमसों एक द्रुत

दोय द्रुत आदिक भेदनकी संख्या जानिये ॥ और सब कोठा जोडि ए तालके प्रस्तार भेदनकी संख्या होत है ॥ इति द्रुतमेरुको लक्षण संपूर्णम् ॥

२. द्रुत मेरु यंत्र.

															१
													१	८	३६
											१	७	२८	९१	२७३
									१	६	२१	६२	१७४	४६२	११६१
							१	५	१५	४०	१०५	२६१	६१५	१४०५	३१४०
					१	४	१०	२४	५९	१३६	२९८	६४०	१३५३	२८०४	५७१६
			१	३	६	१३	३०	६३	१२७	२५५	५०७	९८९	१९०५	३६३९	६९०१
	१	२	३	६	१३	२४	४४	८२	१५२	२७६	४९८	८९६	१६०८	२८६८	५०९३
१	१	२	४	६	१०	१७	२९	४८	८०	१३४	२२६	३७८	६३२	१०५९	१७७६
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६

३. दविराम मेरु.

अथ दविरामको लक्षण लिख्यते ॥ प्लुत आदि अंगके जितने अणु होय। तितने याने सोलह कोठाकी अणुमेरुके सिनाई। नीचली पंक्ति प्रथम कीजिये ॥ ताकी उपरली दूसरी पंक्ति। बांई ओर दोय कोठा घाटि कीजिये ॥ आगे तीसरी आदि उपरली पंक्ति जितनी होय। तितनी सब आप आपकी पहली पंक्तिसों। बांई ओरतें तीन कोठा घाटि कीजिये ॥ ऐसे दोय कोठाकी पंक्ति ताई। छह पंक्तिको दविराम मेरु रचिये ॥ अब दविराम मेरुको भरिवेंको प्रकार कहे है ॥ यहां सब पंक्तिनके प्रथम कोठानमें। एक एकको अंक भरिये ॥ और दूसरे दूसरे कोठानमें। पहली और दूसरी पंक्तिमें। दोऊ ओर। दोय दोयको अंक भरिये ॥ और तीसरे आदिक पंक्तिनमें। तीन च्यार आदि अंक क्रमसों दुसरे कोठामें धरिये ॥ अब पहली पंक्ति। नीचली पंक्ति। भरिवेंको प्रकार कहे है ॥ पहलें दोऊ कोठा जोडी तीसरे कोठामें धरिये ॥ ये तीन कोठा जोडि चोथे

कोठामें धरिये ॥ ऐसे च्यार कोठा भरि । क्रमसों तीसरो कोठा छोडि । संख्या क्रमके जंत्रके सिनाई । पहलो । दूसरो । चोथो । छटो । आठवो । बारवो कोठा । ऐसे सात कोठा जोडि पांचवें आदिक कोठानमें धरिये ॥ यहां छटवो आठवो बारवो कोठा नहीं मिले तो । पांचवो सातवो ग्यारवो कोठा लीजिये ॥ ऐसें नीचली पंक्ति भरिये ॥ अब उपरली पंक्ति भरिवेंको प्रकार कहे है ॥ यहां ऊपरली ऊपरली पंक्तिके तीसरो कोठाके नीचली कोठा होय ये कोठा और ऊपरली पंक्तिके दोय कोठा । ये तीन कोठा जोडि । ऊपरली दूसरी पंक्तिके तीसरो कोठा भरिये ॥ ऐसै तीसरे कोठाके नीचलो कोठा जोडि । ऊपरलो कोठा छोडि तातै उलटे क्रमसो दुसरो पहिलो कोठा लेके । चोथो कोठा भरिये ॥ ऐसैहि पांचवे आदिक कोठानमें धरिये ॥ यहां जा कोठाको नीचलो कोठा जोडिये सो कोठा ऊपरली नहीं लीजिये ॥ यहां छटवो आठवो बारवो कोठा नहीं मिलेतों । पांचवों सातवों ग्यारवों कोठा नहीं लीजिये ॥ ऐसे ऊपरली सब पंक्ति भरिये । यहां उभी छह पंक्ति रचिये ॥ यहांभि अणु मेरुकी सीनाई सबसे नीचली पंक्ति सोलह कोठनकी रचिये ॥ उभे पंक्तिनमें । सबतें नीचला कोठानमें । विना द्विरामके भेदनकी संख्या है ॥ तातें उपरले उपरले कोठानमें । एक दोय आदि द्विरामके भेदनकी संख्या जानिये ॥ इन पंक्तिके सब कोठा जोडि । ए तालके प्रस्तारभेदकी संख्या जानिये ॥ इति द्विराम मेरुको लक्षण संपूर्णम् ॥

३. द्विराम मेरु यंत्र.

														१	६
											१	५	२०	६५	१९५
								१	४	१४	४०	१०९	२७६	६७८	१६०४
					१	३	९	२३	५४	१२३	२७८	६०६	१३०८	२७६६	५७९३
		१	२	५	१०	२२	४४	९१	१८०	३६०	७०४	१३७८	२६६६	५१५१	९८८२
१	२	३	६	१०	१९	३३	६१	१०८	१९६	३५०	६३३	११३५	२०४६	३६७५	६६१७
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६

४. लघु मेरु.

अथ लघु मेरुको लक्षण लिख्यते ॥ प्लुत आदि अंगके जितने अणु होय । तितने याने सोलह कोठाकी पहली पंक्ति अणुमेरु सिनाई किजिये । तातें ऊपरली दूसरी पंक्ति । बांई ओर तें तीन कोठा घाटि कीजिये ॥ तातें उपरली तीसरी आदिक पंक्ति । आप आपकी पहली पंक्तिसों च्यार च्यार कोठा घाटि कीजिये ॥ ऐसे एक कोठाकी पंक्तिताई ॥ पांच उभी पंक्तिनको लघु मेरु रचिये ॥ अब लघु-मेरु भरिवेको प्रकार कहे हैं ॥ यहां सब पंक्तिनके । पहले कोठानमें एक एक अंक भरिये । और पहली नीचली पंक्ति । और वाके ऊपरली दूसरी दूसरे पंक्तिके दूसरे कोठामें । दोय दोयको अंक भरिये ॥ तीसरी आदिक पंक्तिमें दूसरे दूसरे कोठामें तीन आदिक क्रमसों अंक भरिये ॥ अब पहली नीचली पंक्ति भरिवेको प्रकार कहे है ॥ यहां पहली पंक्तिकें तीसरे कोठामें च्यारको अंक धरिये ॥ ये तीनो कोठा जोडी । चोथो कोठो भरिये ॥ यां चोथे कोठातें ऊलटे क्रमसों चोथो कोठा छोडि । संख्या जंत्रके क्रमसों सात कोठा जोडि । पांचवे आदिक सब कोठा भरिये ॥ यहां छटो आठवो बारवो कोठा नहीं मिले तों । पांचवों सातवों ग्यारवो कोठा लीजिये ॥ ऐसे पहली नीचली पंक्ति भरिये । अब उपरली दूसरी पंक्ति भरिवेको प्रकार कहे है॥ यहां जो कोठा भरनो होय । तातें पहले कोठाके नीचे जो कोठा होय । तासों चोथो कोठा लेके । वा कोठाके ऊपरलो कोठा छोडि । संख्या जंत्रके क्रमसों ऊप-रलो कोठा जोडि । आगले सब कोठा भरिये ॥ यहां छटो आठवो बारवो कोठा नहीं मिलेतों । पांचवो सातवो ग्यारवो कोठा नहीं लीजिये ॥ ऐसेही तीसरी आदिक ऊपरली सब पंक्ति भरिये ॥ इहां उभि पंक्तिनमें । सबतें नीचले कोठानमें । विना लघुके भेदनकी संख्या जानिये॥ और ऊपरले ऊपरले कोठानमें । क्रमसों एक दोय आदिक लघुनकी भेदनकी संख्या जानिये ॥ सब कोठा जोडि ए तालके प्रस्तारकी संख्या जानिये ॥ इति लघु मेरुको लक्षण संपूर्णम् ॥

४. लघु मेरु यंत्र.

															१
											१	४	१४	४४	१२५
							१	३	९	२५	६३	१५३	३६२	८३१	१८७५
			१	२	५	१२	२६	५६	१२०	२५०	५१९	१०६६	२१७१	४३९६	८८५३
१	२	४	७	१३	२५	४६	८७	१६३	३०५	५७२	१०७३	२०१०	३७६९	७०६५	१३२४३
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६

५. लविराम मेरु.

अथ लविराम मेरुको लक्षण लिख्यते ॥ यहां प्लुत आदि अंगके जितने अणु होय। तितने याने सोलह कोठाकी पहली नीचली पंक्ति कीजिये। तातें ऊपरली दूसरी पंक्ति। बांई ओर तैं पांच कोठा घाटि किजिये ॥ तातें ऊपरली तीसरी आदिक पंक्ति। आपआपकी पहली पहली पंक्तिसों बांई ओरतें छह छह कोठा घाटि कीजिये ॥ ऐसै तीन उभी पंक्तिसों लविराम मेरु रचिये ॥ अब लविराम मेरुको भरिवेको प्रकार कहे हैं ॥ सब पंक्तिनके पहले पहले कोठामें एक एकको अंक भरिये ॥ अब **पहली नीचली** पंक्तिके भरिवेको प्रकार लिख्यते ॥ पहली पंक्तिको पहलो कोठा दूनो करि। दूसरो कोठा भरिये ॥ दूसरो कोठा दूनो करि। तीसरो भरिये ॥ तीसरो कोठा दूनो करि। चोथो कोठा भरिये ॥ ये च्यार कोठा जोडि पांचवो कोठा भरिये ॥ या पांचवो कोठातें उलटे क्रमसों संख्याजंत्रके नई पांचवो आदि कोठा जोडि। छटवे आदिक कोठा भरिये ॥ यहां छटो कोठा नही लीजिये। या आठवो बारवो कोठा नहीं मिलेतों। सातवों ग्यारवों कोठा लिजिये। ऐसें नीचली पंक्ति भरिये ॥ अब **उपरली दूसरी पंक्ति** भरिवेको प्रकार कहे है ॥ या उपरली पंक्तिमें जो कोठा भरनो होय तातें पहले कोठाकें नीचे जो कोठा होय। तातें उलटे क्रमसों छटो कोठा लेके वाको ऊपरली ऊपरली पंक्तिको कोठा छोडी। बाकीके ऊपरली पंक्तिके कोठा संख्या जंत्रके क्रमसों जोडी। आगले आगले सब कोठा भरिये ॥ यहां आठवो बारवो कोठा नहीं मिलेतो सातवो ग्यारवो कोठा नहीं लीजिये ॥ ऐसेंही तीसरी आदिक सब पंक्ति भरिये ॥ यहां उभी पांक्तिनमें सबसें नीचले कोठामें विना लविरामके भेदनकी संख्या है ॥ ओर उपरले कोठानमें क्रमसों एक दोय आदिक लविरामके भेदनकी संख्या जानिये ॥ उभी लीकके सब कोठा जोडि लविरामके प्रस्तारकी संख्या होत है ॥ **इति लविराम मेरुको लक्षण संपूर्णम्** ॥

५. लविराम मेरु यंत्र.

											१	३	९	२५	६६
					१	२	५	१२	२८	६२	१३६	२९४	६३०	१३३४	२८०५
१	२	४	८	१५	२९	५६	१०९	२१०	४०६	७८५	१५१९	२९३६	५६७७	१०९७७	२१२२६
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६

६. गुरु मेरु.

अथ गुरुमेरुको लक्षण लिख्यते ॥ प्लुत आदि अंगके जितने अणु होय । तितने यानें सोलह कोठाकी नीचली पहली पंक्ति कीजिये ॥ तातें ऊपरली दुसरी पंक्ति- बांई ओर ते सात कोठा घाटि कीजिये ॥ तातें ऊपरली तीसरी आदिक पंक्ति आप- आपकी पहली पंक्तीसों बांई ओरतें आठ आठ कोठा घाटि कीजिये ॥ ऐसे तीन पंक्ति- नसों गुरुमेरु रचिये ॥ अथ गुरुमेरुको भरिवेको प्रकार कहे है ॥ सब पंक्तिनके प्रथम कोठानमें एक एक को अंक धरिये ॥ अब नीचली पंक्ति भरिवेको प्रकार लिख्ये है। पहलो कोठा दूणा करि । दूसरो कोठा भरिये । ऐसें दूसरो दूणो करि तीसरो । तीसरो दूणो करि चोथो । ये च्यारो कोठा जोडि पांचवो भरिये । ये पांचो कोठा जोडि छटो भरिये । आगे या सातवे कोठातें ऊलटे क्रमसें या छटा कोठासों संख्या जंत्रके क्रमसों कोठा जोडि सातवो कोठा भरिये । आगे या सातवे कोठातें ऊलटे क्रमसों । सातवो आठवो कोठा छोडि बाकिके कोठातें संख्या जंत्रके क्रमसों जोडि । आगले आगले सब कोठा भरिये । इहां बारवो कोठा नहीं मिले तो ग्यारवो कोठा लीजिये ॥ ऐसे नीचली पंक्ति भरिये ॥ अब ऊपरली पंक्ति भरविको प्रकार कहे हैं । जो कोठा भरनो होाय तासों पहलीका कोठाके नीचले जो कोठा होय । तातें ऊलटे क्रमसों । आठवो कोठा लेके । वा कोठाके ऊपरको ऊपरली पंक्तिको कोठा छोडि । संख्या जंत्रके क्रमसों बाकी कोठा जोडि । आगले आगले सब कोठा भरिये ॥ यहां बारवो कोठा नहीं मिले तो । ग्यारवो कोठा नहीं लीजिये ॥ ऐसेही तीसरी आदिक पंक्ति भरिये ॥ उभी सब पंक्तिके सबतें नीचले कोठानमें ॥ विना गुरुके भेदनकी संख्या है । और ऊपरले ऊपरले कोठानमें एक दोय आदिक । गुरुनके भेदनकी क्रमसों संख्या जानिये ॥ और लिकके सब कोठा जोडि गुरुके प्रस्तार- भेदकी संख्या जानिये ॥ इति गुरुमेरुको लक्षण संपूर्णम् ॥

६. गुरु मेरु यंत्र.

															१
							१	२	५	१२	२८	६२	१३८	३००	६४६
१	२	४	८	१५	३०	५८	११३	२२०	४२१	८३५	१६२८	३१७१	६१७८	१२०३६	२३४५०
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६

७. प्लुत मेरु.

अथ प्लुत मेरुको लक्षण लिख्यते ॥ इहां प्लुत आदिक अंगके जितने अणु होय । तितने याने सोलह कोठानकी अणुमेरु सिनाई पहली नीचली पंक्ति कीजिये ॥ तातें ऊपरली दूसरी पंक्ति बांई ओरतें। ग्यारह कोठा घाटि कीजिये॥ तातें ऊपरली तीसरी आदिक सब पंक्ति । आपआपकी पहली पहली पंक्तिसों बारह बारह कोठा घाटी कीजिये ॥ ऐसे दोय पंक्तिनसों प्लुत मेरु रचिये ॥

अथ प्लुत मेरुके भरिवेको प्रकार लिख्यते ॥ नीचली आदिक सब पंक्तिनके । पहले पहले कोठानमें एकएकको अंक भरिये ॥ अब नीचली पहली पंक्तिके भरिवेको प्रकार कहे हैं ॥ नीचली पंक्तिको पहलो कोठा दूनो करि दूसरो कोठा भरिये ॥ ऐसे पहलो पहलो कोठा दूनो दूनो करि । नीचली पंक्तिके चार कोठा तांई भरिये ॥ ये चारो कोठा जोडि । पांचवो भरिये ॥ ये पांचो जोडी । छटो भरिये ॥ आगे या सतावे कोठातें उलटे क्रमसों संख्या जंत्रके क्रम करी कोठा जोडि । आगले आगले कोठामें ग्यारवे कोठा तांई अंक भरिये ॥ ग्यारवो कोठा छोडि । संख्या जंत्रके क्रमसों बाकि कोठा जोडि । आगले आगले बारवो आदिक सब कोठा भरिये ॥ यहां छटवो आठवो कोठा नहीं मिले तो । पांचवों सातवो कोठा लीजिये ॥ ऐसे नीचली पंक्ति भरिये ॥ अब उपरली दूसरी पंक्ति भरिवेको प्रकार कहे हैं ॥ या ऊपरली पंक्तिमें दूसरो आदि जो कोठा भरनो होय । तातें पहले कोठाके नीचे जो कोठा होय । ता कोठासों ऊलटे क्रमसों बारवो कोठा लीजिये । वा कोठाके ऊपरको ऊपरली पंक्तिमें जो कोठा होय सो छोडिके । बाकि कोठा । संख्या जंत्रके क्रमसों जोडि। दूसरे आदिक सब कोठा भरिये ॥ यहां छटो आठवो कोठा नहीं मिले तो ॥ पांचवों सातवो कोठा नही लीजिये ॥ ऐसें ही तीसरी आदिक ऊपरली सब पंक्ति भरिये ॥ यहां उभी पंक्तिनके । सब तें नीचले कोठानमें । विना प्लुतके भेदनकी संख्या है ॥ और ऊपरले ऊपरले कोठानमें । एक दोय आदिक प्लुतके भेदनकी संख्या जानिये ॥ और लीकके सब कोठा जोडि प्लुतके प्रस्तारभेदकी संख्या होत है ॥ इति प्लुतमेरु लक्षण संपूर्णम् ॥

७. प्लुत मेरु यंत्र.

											१	२	५	१२	२८
१	२	४	८	१५	३०	५८	११४	२२२	४३४	८४७	१६५५	३२३१	६३११	१२३२४	२४ ६१
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६

ऐसे अणुद्रुत आदि सातो अंगनके । एक आदि आपकी बुद्धीकी चाही जो संख्या । तहां तांई । खंडप्रस्तार रचिवेको क्रम । इन मेरुनसों समझिये ॥

॥ इति षष्ठो तालाध्याय संपूर्णम् ॥

The Poona Gayan Samaj.

SANGIT SAR

COMPILED BY

H. H. MAHARAJA SAWAI PRATAP SINHA DEO OF JAIPUR,

IN SEVEN PARTS.

PUBLISHED

BY

B. T. SAHASRABUDDHE

Hon. Secretary, Gayan Samaj, Poona.

PART VII:

RAGADHYAYA.

Price of the complete Work in seven parts Rs. 15.

POONA:

PRINTED AT THE 'ARYA BHUSHANA' PRESS BY NATESH APPAJI DRAVID

1912.

पूना-गायनसमाज.

संगीतसार ७ भाग.

जयपूराधीश महाराजा सवाई प्रतापसिंह देवकृत.

प्रकाशक:

बलवंत त्रियंबक सहस्रबुद्धी
सेक्रेटरी, गायनसमाज, पुणें.

भाग ७ वा रागाध्याय.

पूना 'आर्यभूषण' प्रेसमें छपा.

संपूर्ण सात अध्यायका मूल्य रु. १५,
और प्रत्येक भागका मूल्य रु. २॥.

१९१२.

श्रीराधागोविंद संगीतसार.

सप्तमो रागाध्याय—सूचिपत्र.

विषयक्रम. पृष्ठ.

पारिजातके मतसों.

सप्तमो रागाध्याय.

राग और गीति लछन.

योऽयं ध्वनिविशेषस्तु स्वरवर्णविभूषितः ।
रञ्जको जनचित्तानां स रागः कथितो बुधैः ॥ १ ॥

अथ रागाध्यायकी वचनिका लिख्यते ॥ तहां प्रथम रागको लछन लिख्यते ॥ जो धुनि वीणानितें अथवा कंठतें उत्पन्न होय और सातों स्वरतें जुक्त होय अरु स्थाई आदि सातों स्वरके च्यारो वर्ण अलंकार जामें युक्त होय ॥ या रीतिसों श्रोतानके चित्तको अनुरंजन करे । सो राग जांनिये ॥

अथ मतंग मुनिके मतसों राग लछन कहत हें ॥ जो स्वर ध्वनि-युक्त अपनें भेदनसों मनकों अनुरंजन करे ताको राग कहतहें ॥

ऐसें हि सोमनाथ मुनि सकल कला प्रवीणहे । सो राग लछन कहतहे ॥ इहां प्रसिद्ध स्वर तालसों मिल्यो धुनि होय । सो राग जांनिये ॥

या रागकों सुनिके कोइ प्रसन्न होतहे ॥ अरु कोइ ऐसें कहतहें के यह राग हमकों रुचत नहीं ॥ यातें अनुरंजनतो आपआपकी इच्छासों होय हे ॥ यासों रागको स्वर तालजुक्त धुनिहें । अपनि रुचीसों अनुरंजन हें ॥

सो या रागके गायवेकी पांच प्रकारकी रीतिहै ॥ तिनको गीत कहतहें ॥ सो यह पांच प्रकारकी गीतिसों राग पांच प्रकारको जांनिये ॥

अथ पांच गीति तिनके नाम लछन लिख्यते ॥ तहां पहली गीतिको नाम शुद्धा जांनिये । १ । दुसरी गीतिको नाम भिन्ना जांनिये । २ । तीसरी गीतिको नाम गौडी जांनिये ।३। चौथी गीतिको नाम वेसरा जांनिये ।४। पांचमी गीतिको नाम साधारणि जांनिये । ५ । इन प्रकार पांच गीतिनके लछन कहेहें । सो समझिये ॥ इति पांच गीतिनके नाम लछन संपूर्णम् ॥

अथ संगीत रत्नाकरके मतसों पांचो गीतिनके लछन लिख्यते ॥ तहां प्रथम शुद्धा गीतिनको लछन कहतहें ॥ जहां रागके स्वर सुधेही उच्चार

कीजिये ॥ समानता कहतें । घट वध नहीं होय बराबर होय अरु मनोहर स्वर होय ॥ काननकों आछो लगे । अरु जामें बहुत कंप नही होय। सो गीति शुद्धा जांनिये ॥ १ ॥ **इति शुद्धा गीतिके लछन संपूर्णम् ॥**

अथ दूसरी गीति भिन्ना ताको लछन लिख्यते ॥ जहां स्वरकों ऱ्हस्व कहतें थोडो उच्चार होय । ओर स्वर विषम होय । विषम कहतें बांके होय । ओर ज्यामें मधुर कंप होय । चित्तकौं एकाग्र करे सो गीति भिन्ना गीति जांनिये ॥ **इति भिन्ना गीति संपूर्णम् ॥**

अथ तीसरी गीति गौडी ताको लछन लिख्यते ॥ जहां रागके स्वर बराबर उच्चार कीजिये ॥ अरु मनोहर होय ओर मंद्र ॥ १ ॥ मध्य ॥ २ ॥ तार ॥ ३ ॥ इण तीनों स्थाननमें अत्यंत कंपयुत होय । ओर ज्याकी स्थिति अखंडजुत कहिये । टूटती नहीं होय । अरु तीनों स्थाननमें कानकों प्यारि लग । ओर गोड देशमें प्रसिद्ध होय सो गीति गौडी जांनिये ॥ **इति गौडी गीति संपूर्णम् ॥**

अथ गौडी गीतिको भेद ओहाटी ताको लछन लिख्यते ॥ जहां रागके बराबर स्वरको मृदु उच्चार कीजिये । ओर क्रमसों स्वरनको जलदीजलदी उच्चार कीजिये ऐसे द्रुत द्रुततर वेगजुत स्वर होय स्वरको कंप मनोहर होय । ओर ओकार ओर हकारको वेगस्वर उच्चार होय । अरु ज्याके गायवेकी बेठीकमें व्यति लगति ठाडी रहे । अरु अवाजतामें गहकाकी होय । सिगरेनके मनमें घणी प्यारि लगे सो गौडी ओहाटी जांनिये ॥ **इति ओहाटीको लछन संपूर्णम् ॥**

अथ चोथी गीति वेसरा ताको लछन लिख्यते ॥ जहां रागके स्वरहे सों द्रुत वेगेसों जलदि जलदि उच्चार कीजिये । अरु स्थाई आदि च्यारों वरननमें । घणो अनुरंजन होय । सो गीति वेसरा जांनिये ॥ **इति वेसरा गीतिको लछन संपूर्णम् ॥**

अथ पांचमी गीति साधारणि ताको लछन लिख्यते ॥ जहां च्यारों गीतिनके लछन आप मिले । अरु उन लछनके मिलायतें कोईक सुंदर

अनुरंजन जांनोंजाय। सो गीति साधारणि जांनिये ॥ इति पांचो गीतिके नाम लछन संपूर्णम् ॥ ५ ॥

इन पांचों गीतिनके नांवमें गायेहे । एक एक राग पांच प्रकारको जांनिये ॥ तहां शुद्धा गीतिमें गायो राग शुद्धा नाम जांनिये ॥ १ ॥ भिन्नामें गायो राग भिन्नानाम जांनिये ॥ २ ॥ गौडी गीतिमें गायो राग गौडी नाम जांनिये ॥ ३ ॥ वेसरा गीतिमें गायो राग वेसरा नाम जांनिये ॥ ४ ॥ साधारणि गीतिमें गायो राग साधारणि नाम जांनिये ॥ ५ ॥ तहां स्वराध्यायमें मागधी ॥ १ ॥ अर्द्ध मागधी ॥ २ ॥ संभाविता ॥ ३ ॥ पृथुला ॥ ४ ॥ ये च्यारि गीति हे । तिनमें शुद्धादिक गीतिनमें जो भेद हे । ताको लछन कहतहें ॥

जो मागधी आदि च्यारि गीतितो चंचतपुट आदिक मारगी तालनके एक एक आदि भेदनसों होतहे । तासों मागधी आदि गीति है । सो ताल प्रधान गीति है । ताल जिनमें मुख्य होय सो ताल प्रधान जांनिये ॥ ओर ये शुद्धादिक पांच गीति हे सो ऱ्हस्व दीर्घ उच्चारतें । अरु मंद्र ॥ १ ॥ मध्य ॥ २ ॥ तार ॥ ३ ॥ इण तीनों स्थाननके कंपतें होत हे । यातें सातों स्वरनमें ये गीति कहीजे हे । तातें ये पांचो स्वर प्रधान गीति हे । ये पांच शुद्धादि गीति दुर्ग आचारिजके मतसों सात गीति कही हे। अरु भरतमुनिके मतमें च्यारों गीति कहीजे हे । याष्टिक आचारिजनें तीन गीति कहीजे हे । अरु शार्दूल मुनिनें एक गीति कही हे ॥ इति गीतिनके लछन वरनन संपूर्णम् ॥

अथ नव प्रकारके रागनके लछन लिख्यते ॥ तहां प्रथमतो ग्राम राग ॥ १ ॥ दूजी उपराग ॥ २ ॥ तीजी भाषाराग ॥ ३ ॥ चोथी विभाषाराग ॥ ४ ॥ पांचमी अंतरभाषाराग ॥ ५ ॥ छटी रागांगराग ॥ ६ ॥ सातमी भाषांगराग ॥ ७ ॥ आठमी क्रियांगराग ॥ ८ ॥ नवमी उपांगराग ॥ ९ ॥ यह नव प्रकारके रागहे ९ एकतो शुद्ध ॥ १ ॥ छायालग ॥ २ ॥ संकीरन ॥ ३ ॥ इण भेदनसों तीन तीन प्रकारके राग जांनिये ॥ ऐसे नव प्रकारके रागनसें सताईस २७ भेद जांनिये ॥ ओर ये सताईस भेद हे । सो संपूरन ॥ १ ॥ षाडव ॥ २ ॥ औडव ॥ ३ ॥ इण तीन भेदनसों तीन प्रकारके हे । सो सगरे रागनके भेद ॥ ८१ ॥ ईक्यासी भेद होत हें ॥

अथ अनुपविलास अनुपांकुश अनुपरत्नाकर चंद्रोदय वा सारंगदेवके मतसों रागके नव ९ भेद लिख्यते ॥ तहां सात स्वरको राग संपूरण जांनिये ॥ १ ॥ छह स्वरको षाडव जांनिये ॥ २ ॥ पांच स्वरको राग ओडव जांनिये ॥३॥ पूरण ओडव ॥४॥ पूरण षाडव ॥५॥ ओडव पूरण ॥६॥ षाडव पूरण ॥ ७ ॥ षाडव ओडव ॥ ८ ॥ ओडव षाडव ॥ ९ ॥ **इति भावभट मतसों नवराग भेद संपूर्णम् ॥**

अथ राग भेदनकी संख्या लिख्यते ॥ तहां ग्राम रागनके तीस भेद हे ॥ ३० ॥ उपरागनके नव भेद हे ॥ ९ ॥ भाषारागनके बीस भेद हे ॥ २० ॥ विभाषा रागनके बीस भेद हे ॥ २० ॥ अंतर भाषा रागनके च्यारि भेद हे ॥ ४ ॥ रागांग रागनके आठ भेद हे ॥ ८ ॥ भाषांगके ग्यारह भेद हे ॥ ११ ॥ क्रियांगके बारह भेद हे ॥ १२ ॥ उपांगके तीन भेद हे ॥ ३ ॥ एसे मार्गी रागनके भेद जांनिये ॥ ओर देशी रागतो अनंतहे जातें देशी रागनकी संख्याको प्रमाण नही ॥ इति **राग भेदनकी संख्या संपूर्णम् ॥**

अथ ग्राम रागादिकके अनुक्रमसुं लछन लिख्यते ॥ जो षड्ज ग्रामके मध्यम ग्रामके मिलेतें उपजे होय अरु अठारह ॥ १८ ॥ जातिको संबंधी होय। भाषा राग आदिसों न्यारो होय। सो ग्राम राग जांनिये ॥ इति **ग्राम राग लछन संपूर्णम् ॥ १ ॥**

अथ उपरागको लछन लिख्यते ॥ जो ग्रामरागको समीपी होय अरु जातिनतें ओर जाति उतपत्ती होय सो उपराग जांनिये ॥ इति **उपराग लछन संपूर्णम् ॥ २ ॥**

अथ भाषारागको लछन लिख्यते ॥ जो ग्रामरागके आलापको प्रकार जा रागमें रचिके गाईये । सो भाषाराग जांनिये ॥ इति **भाषाराग संपूर्णम् ॥ ३ ॥**

अथ विभाषाको लछन लिख्यते ॥ जो भाषारागको आलाप लोकानुरंजनके अरथ गाइये । सो विभाषा राग जांनिये ॥ **इति विभाषाराग संपूर्णम् ॥ ४ ॥**

अथ अंतरभाषाको लछन लिख्यते ॥ जो विभाषा रागको आलाप

लोकानुरंजनके अरथ गाइये। सो अंतरभाषा जांनिये॥ **इति अंतरभाषा लछन संपूर्णम्॥ ५॥**

अथ रागांगको लछन लिख्यते॥ जो रागमें ग्राम रागकी छाया आवे अरु ग्रामरागतें न्यारो होय ताकों मतंगादि मुनि रागांग कहेहें॥ **इति रागांग राग संपूर्णम्॥ ६॥**

अथ भाषांगको लछन लिख्यते॥ जो रागमें भाषा रागकी छाया बांधिये सो वह राग भाषा रागनतें कछूक जुदो होय ताको भाषांग जांनिये॥ **इति भाषांग राग संपूर्णम्॥ ७॥**

अथ क्रियांगको लछन लिख्यते॥ जा रागके सुनेतें चिंता। १। उछाह। २। करुणा। ३। आदि अनेक क्रिया उपजे। सो क्रियांग जांनिये॥ **इति क्रियांग संपूर्णम्॥ ८॥**

अथ उपांगको लछन लिख्यते॥ जो रागमें उपरागकी छाया वरते सो उपांग जांनिये॥ **इति उपांग राग संपूर्णम्॥ ९॥**

इति मार्गीरागनके नव भेद लछन संपूर्णम्॥

अथ देशीरागको लछन लिख्यते॥ तहां कोईक आचारिज यह कहे हैं। रागांग। १। भाषांग। २। उपांग। ३। क्रियांग। ४। ये च्यार भेद देशी रागनमे जांनिये॥ तहां देसी कहिये जो अपनी इछासों लोकानुरंजनके लिये। च्यार श्रुतिके स्वरको। १। अथवा तीन श्रुतिके स्वरको। २। अथवा दोय श्रुतिके स्वरको। ३। घटि वधि श्रुतिनसों उच्चार कीजिये। जामें शास्त्रको नेम नहि होय ऐसें कहूं कोमल। १। अथवा तीव्र। २। अथवा तीव्रतर। ३। अथवा तीव्रतम। ४। अथवा अति कोमल। ५। अपनी बुद्धि बलसों कीजिये सो रागमें देशी भाव जांनिये॥ अरु शास्त्रकी रीतिसों जहां स्वरनको उच्चार कीजिये सो रागमें मारगी भाव जांनिये॥ ओर देसी रागनको भरतादिक मुनि अनिबद्ध कहे हैं। अनिबद्ध कहिये। शास्त्र रीति जामें नहीं होय यातें देसी राग अनंत है इनकी संख्या नहीं। इनका मारगी रागनमें जब कोई स्वर श्रुति घटि वधि कीजिये तब येही राग देसी राग होत हें॥ **इति देसी रागको लछन संपूर्णम्॥**

अथ शुद्ध । १ । छायालग । २ । संकीर्ण । ३ । इन तीनुको लछन लिख्यते ॥ जा रागमें शास्त्ररीतिसों स्वरनको उच्चार होय । ओर वा रागकी जो जाति होय । ता जातिको प्रकार होय ऐसें लोकानुरंजन होय सो शुद्ध राग जांनिये ॥ **इति शुद्ध रागको लछन संपूर्णम् ॥**

अथ छायालग रागको लछन लिख्यते ॥ या छायालगको लौकिकमे सालग कहत हैं जा रागमें लोकानुरंजनके लिये । ओर रागकी छायावरते सो राग छायालग जांनिये ॥ **इति छायालग राग लछन संपूर्णम् ॥**

अथ संकीर्ण रागको लछन लिख्यते ॥ जा रागमें लोकानुरंजनके लिये शुद्ध ओर छायालग रागोंका मिश्रण करे । सो संकीर्ण राग जांनिये ॥ **इति संकीर्ण राग लछन संपूर्णम् ॥**

अथ रागके गायवेमें जे गति कहिये तिनके नाम लछन लिख्यते ॥ तामें पहली रागकी गति कांडारणा है ताको लछन लिख्यते ॥ जो रागके गायवेमें तारस्थानमें द्रुत वेगसों घणी जलदी कीजिये । अरु जलदीसोंही गमक कीजिये । अरु चतुराईसों राग बिगडे नहीं सो गति कांडारणा जांनिये ॥ **इति कांडारणा संपूर्णम् ॥**

अथ खुल्लगति लछन लिख्यते ॥ जो रागके गायवेमें मंद्रस्थानमें लोकानुरंजनके अरथ गमकनसों विस्तार कीजिये सो खुल्लगति जांनिये ॥ **इति खुल्लगति संपूर्णम् ॥**

अथ फुल्लगतिको लछन लिख्यते ॥ जो रागके गायवेमें मंद्रस्थानमें अरु तारस्थानमें दोऊ ठोर गमकनसों तान विस्तार कीजिये । सो फुल्लगति जांनिये ॥ **इति फुल्लगति संपूर्णम् ॥**

अथ शुद्ध आदिक पांच गीतिनमें गायवेमें शुद्ध आदिक पांच भेदको राग होतहे तिनके क्रमसों राग लिख्यते ॥ तहां षड्जग्राममें षड्ज । १ । कैशिक । २ । मध्यम । ३ । शुद्धसाधारित । ४ । राम शुद्धहै । ओर मध्यमग्राममें पंचम । १ । मध्यमग्राम षाडव । २ । शुद्धकैशिक । ३ । ये राग शुद्धहै । ऐसे दोऊ ग्रामनके मिलिके सात राग शुद्ध जांनिये ॥ **इति सात शुद्ध रागनके नाम संपूर्णम् ॥**

अथ भिन्नरागको लछन लिख्यते ॥ भिन्न गीतिमें गाये ते राग भिन्न नामको होत हे सो राग पांच प्रकारको जांनिये ॥ तहां षड्ज ग्राममें कैशिक मध्यम । १ । भिन्न षड्ज । २ । होतहै । ओर मध्यम ग्राममें तान । १ । कैशिक । २ । भिन्न पंचम । ३ । होतहै । ऐसे दोऊ ग्रामनके मिलिके पांच राग भिन्न जांनिये ॥ **इति भिन्न रागको लछन संपूर्णम् ॥**

अथ गौड रागके नाम लिख्यते ॥ गौडी गीतिमें गाईये राग गौड जांनिये ॥ सो राग तीन है । ३ । तहां षड्ज ग्राममें गौड । १ । मध्यम कैशिक । २ । होत है ओर मध्यम ग्राममे गौड कैशिक होत है ।१। ऐसे दोऊ ग्रामनके तीन राग गौड जांनिये ॥ **इति गौड रागनके नाम संपूर्णम् ॥**

अथ वेसरा गीतिमें गाये ते राग वेसर जांनिये ॥ सो राग आठ हे । ८। तिनके नाम लिख्यते ॥ तहां षड्ज ग्राममें टक्क । १ । वेसर षाडव । २ । सौवीर । ३ । ये राग होत है । ओर मध्यम ग्राममें बोट्ट । १ । मालव कैशिक । २ । मालव पंचम । ३ । यह राग होत हे । ओर टक्क कैशिक । १ । हिंदोल । २ । यह राग दोऊ ग्रामनमें होत हे । ऐसे एक एक ग्रामके तो तीन तीन = छह ।६। ओर दोऊ ग्रामके दोय ।२। ये सब मिलके आठ रागके वेसर जांनिये ॥ **इति वेसर नाम राग संपूर्णम् ॥**

अथ साधारणि गीतिमें गाये ते राग साधारणि जांनिये ॥ सो साधारणि राग सात हे ॥ ७ ॥ तिनके नाम लिख्यते ॥ तहां षड्ज ग्राममें रूप साधार । १ । शक । २ । भस्माणपंच । ३ । यह राग होत हे । ओर मध्यम ग्राममें गांधार पंचम ॥ १ ॥ षड्जकैशिक ॥ २ ॥ यह राग होत है ॥ ककुभराग दोऊ ग्रामनतें होत हे । ऐसें एक ग्रामके ॥३॥ दूसरे ग्रामके ॥२॥ ओर दोऊ ग्रामको एक ऐसें मिलिकें सात ॥७॥ राग साधारणि जांनिये । ऐसें पांच गीतिनमें तीस राग जांनिये । इन तीसों रागनको ग्राम राग जांनिये॥

इहां जा जा गीतींमें जो जो राग कहेहे सोहि राग उन गीतिनमें गाइये । यातें न्यारि न्यारि गीतिके न्यारे न्यारे राग कहते हें सो जांनिये ॥ ये राग दोऊ ग्रामनकी शुद्ध ॥ १ ॥ विकृत ॥ २ ॥ अठारह जातिसों होतहे । यातें उनको ग्राम राग कहे हें ॥ **इति ग्राम राग नाम लछन संख्या समाप्त ॥**

अथ उपरागके अठाईस ॥ २८ ॥ नाम संख्या लिख्यते ॥ यह उपराग षाडज आदिक अठारह रागनसों उपजे हें । परंतु ग्राम रागनके निकट वरति हे । यातें इनकों उपराग कहतहें । तहां प्रथम शकतिलक ।१। टक्कसेंधव । २ । कोकिलापंचम । ३ । रेवगुप्त । ४ । पंचमषाडव । ५ । भावनापंचम । ६ ।नागगांधार । ७ । नागपंचम । ८ । **इति आठ मुख्य उपराग संपूर्णम् ॥**

अथ उपराग बीस ॥ २० ॥ लिख्यते ॥ श्रीराग ।१। नट्ट ।२। बंगाल । ३ । बंगाली । ४ । भास । ५ । मध्यम षाडव ।६। रक्तहंस ।७। कोल्हहास ।८। प्रसव । ९ । भैरव । १० । ध्वनि । ११ । मेघराग । १२ । सोमराग । १३ । कामोद । १४ । कामोदी । १५ । आभ्रपंचम । १६ । कंदर्प । १७ । देशाख्य । १८ । कैशिककुभ । १९ । नट्टनारायण ।२०। **इति बीस ।२०। उपराग संपूर्णम् ॥** ऐसे पहले आठ ओर ये बीस मिलिकें। उपराग अठाईस ।२८। जांनिये ॥

अथ भाषाराग पंद्रह ॥१५॥ तिनके नाम लिख्यते ॥ सौवीर ।१। ककुभ । २ । टक्क । ३ । पंचम । ४ । भिन्न पंचम ।५। टक्ककैशिक । ६ । हिंदोल । ७ । बोट्ट । ८ । मालव । ९ । कैशिक । १० । गांधार पंचम । ११ । भिन्नषड्ज । १२ । वेसर षाडव । १३ । गालव पंचम । १४ । पंचमषाडव ।१५। भाषा कहिये ग्राम रागनके आलाप ताके उपजावे ग्यारहहै । यातें इनको भाषा राग कहत हे । याष्टिकमुनिके मतसों भाषा राग कहे हें ॥ **इति भाषाराग पंद्रह संपूर्णम् ॥**

ओर मतंग मुनिके मतसों छह ग्राम राग भाषारागनकों उपजावें हें । ओर कश्यपके मतसों बारह राग भाषारागनके करता जांनिये ॥ शार्दूल मतमें च्यार ग्राम रागनके करता जांनिये ॥ इति ॥

अथ सकल आचारजके मतसों जुदे जुदे रागनके भाषाराग ।१। विभाषा-राग । २ । अंतरभाषाराग । ३ । तिनके नाम संख्या लिख्यते ॥ तहां प्रथम सौवीर रागकी च्यारि च्यारि भाषाराग, तिनके नाम लछन कहत हें सो जांनो सौवीरी । १ । वेगमध्यमा । २ । साधारिता । ३ । गांधारी । ४ । ओर ककुभ रागके भाषाराग छह तिनके नाम । भिन्न पंचमी । १ । कांबोजी । २ । मध्यमग्रामा । ३ । रगंती । ४ । मधुरी । ५ । शकमिश्रा । ६ ।

ओर याहि ककुभ रागके तीन विभाषाराग है तिनके नाम। भोगवर्धनी । १ । आभीरिका । २ । मधुकरी । ३ । जांनिये ॥

ओर या ककुभरागकी एक अंतर भाषाराग शालिवाहनि । १ । जांनिये ॥

अथ त्रिवणरागकी इकीस ॥२१॥ भाषारागके नाम लिख्यते ॥ टक्कवणा । १ । वैरंजी । २ । मध्यमग्रामा । ३ । देहा । ४ । मालववेसरी । ५ । छेवाटी । ६ । सैंधवी । ७ । कोलाहला । ८ । पंचमलक्षिता । ९ । सौराष्ट्री । १० । पंचमी । ११ । वेगरंजी । १२ । गांधारपंचमी । १३ । मालवी । १४ । तानवलिता । १५ । ललिता । १६ । रविचंद्रिका । १७ । ताना । १८ । वाहेरिका । १९ । दोह्या । २० । वेसरी । २१ ॥ **इति इकीस भाषारागके नाम संपूर्णम् ॥**

या त्रिवणरागकी च्यार विभाषाराग तिनके नाम । देवारवर्धनी । १ । आंध्री । २ । गुर्जरी । ३ । भावनी । ४ । जांनिये ॥

पंचम रागके दस १० भाषा राग तिनके नाम कैशिकी ।१। त्रावणी । २ । तानोद्भवा । ३ । आभीरी ।४। गुर्जरी । ५ । सैंधवी । ६ । दाक्षिणात्या । ७ । आंध्री । ८ । मांगली । ९ । भावनी । १० । जांनिये ॥

या पंचम रागके विभाषा राग दोय तिनके नाम । भस्मानी । १। अंत्रालिका । २ । जांनिये ॥

ओर भिन्न पंचम रागके च्यार भाषाराग तिनके नाम शुद्धधैवतभूषिता । १ । भिन्नधैवतभूषिता । २ । वाराटी । ३ । विशाला । ४ । जांनिये ॥

अथ या भिन्न पंचमरागके विभाषा । १ । तिनके नाम लिख्यते ॥ या भिन्न पंचमरागको विभाषाराग कैशिकी जांनिये ॥

अथ टक्ककैशिक रागके भाषाराग दोय ।२। तिनके नाम लिख्यते ॥ मालवी । १ । भिन्नवलिता । २ । जांनिये ॥

या टक्ककैशिक रागका विभाषाराग द्राविडी । १ । जांनिये ॥

अथ हिंदोल रागके भाषाराग नव ।९। तिनके नाम लिख्यते ॥। वेसरी । १ । चूतमंजरी । २ । षड्ज मध्यमा ।३। मधुरी ।४। भिन्न पौराली ।५। गौडी । ६ । मालव वेसरी । ७ । छेवाटी । ८ । पिंजरी । ९ । जांनिये ॥

अथ वोट्टरागको भाषाराग ॥ मांगली । १ । जांनिये ॥

अथ मालवकौशिक रागके भाषाराग तेरह ।१३। तिनके नाम लिख्यते ॥ बंगाली । १ । मांगली । २ । हर्षपुरी । ३ । मालव वेसरी । ४ । खंजिनी । ५ । गुर्जरी । ६ । गौडी । ७ । पौराली । ८ । शुद्धा । ९ । मालवरूपा । १० । अर्धवेसरी ।११। सैंधवी । १२ । आभीरी । १३ । जांनिये ॥

या मालवकौशिककी विभाषा राग दोय ।२। तिनके नाम कांबोजी । १ । देवारवर्धिनी । २ । जांनिये ॥

गांधार पंचमरागको भाषाराग गांधारी । १ । जांनिये ॥

अथ भिन्न षड्ज रागके भाषाराग १७ तिनके नाम लिख्यते ॥ गांधारवल्ली । १ । कछेली । २ । स्वरवल्ली । ३ । निषादिनी । ४ । त्रवणा । ५ । मध्यमा । ६ । शुद्धा । ७ । दाक्षिणात्या । ८ । पुलिंदिका । ९ । तुंबुरा । १० । षड्जभाषा । ११ । कालिंदी । १२ । ललिता ।१३। श्रीकंठिका ।१४। बंगाली । १५ । गांधारी । १६ । सैंधवी । १७ । जांनिये ॥

अब या भिन्न षड्ज रागके च्यारि विभाषा राग तिनके नाम । पौराली । १ । मालवी । २ । कालिंदी । ३ । देवारवर्धिनी । ४ ।

अथ वेसरषाडव रागके भाषाराग २ तिनके नाम लिख्यते ॥ बाह्या । १ । बाह्यषाडवा । २ । जांनिये ॥

या वेसरषाडवके विभाषाराग ।२। तिनके नाम । पार्वती । १ । श्रीकंठी । २ । जांनिये ॥

अथ मालवपंचम रागके भाषाराग तीन । ३ । तिनके नाम लिख्यते ॥ वेगवती । १ । भाविनी । २ । विभाविनी । ३ । जांनिये ॥

ओर तानरागकी भाषाराग तानोद्भवा । १ । जांनिये ॥

ओर पंचमषाडव रागको भाषाराग पोता । २ । जांनिये ॥

ओर रेवगुप्ति रागको भाषाराग भाषांशका । ३ । जांनिये ॥

ओर याहि रेवगुप्तिको विभाषाराग पल्लवी । ४ । जांनिये ॥

ओर रेवगुप्ति रागहीके अंतरभाषाराग तिनके नाम । भासवलिता । १ । किरणावली । २ । शंकावलिता । ३ । जांनिये ॥

ओर कोईक आचार्य ऐसे कहे जो पल्लवी ।१। भासवलिता । २ । किरणावली । ३ । शंकावलिता । ४ । ईन च्यारों रागनको उपजायवेवारो कोऊराग नही है ये राग आपही स्वच्छंद कहतें न्यारे है ॥ इनको रेवगुप्तिकी विभाषा अंतरभाषा नहिं जांनिये ॥

ऐसे सब रागनके भाषाराग ।९६। ओर विभाषाराग ।२०। ओर अंतरभाषा । ४ । ये सब मिलिके एकसोबीस । १२० । राग होतहे ॥ ऐसे सारंगदेवनें संगीत रत्नाकरमें कहे हैं ॥

तहां मतंगमुनिनें भाषाराग च्यार । ४ । प्रकारके कहे हें ॥ प्रथम मुख्य भाषा । १ । स्वरभाषा । २ । देसभाषा । ३ । उपराग भाषा । ४ । जांनिये ॥

अथ तहां मुख्य भाषाको लछन लिख्यते ॥ जा भाषारागमें षड्जादिक स्वर ।१। गौडादिक देस ईन दोउनको नाम नहि आवे सो भाषाराग मुख्य जांनिये ॥ **इति मुख्य भाषाको लछन संपूर्णम्** ॥

अथ स्वरभाषाको लछन लिख्यते ॥ जा भाषारागमें षड्जादिक सात स्वरनमें एक एक स्वरको वा दोय स्वरको नाम आवे । जिन स्वरनको नाम आवे ते स्वरघणे वरते जाय । सो स्वरभाषा राग जांनिये ॥ **इति स्वरभाषाको लछन संपूर्णम्** ॥

अथ देसभाषाको लछन लिख्यते ॥ जा भाषारागमें गौड आदि देशनको नाम आवे । जा देसको नाम आवे ता देसकी रीतिसों आछि तरह राग गायो जाय । सो देसभाषा जांनिये ॥ **इति देसभाषाको लछन संपूर्णम्** ॥

अथ उपराग भाषाको लछन लिख्यते ॥ जा भाषारागमें तीनो भाषारागनमें न्यारी न्यारी रीति होय । अथवा तीननको लछन मिलतो होय । सो उपराग भाषा जांनिये ॥ **इति च्यार प्रकारके भाषाको लछन संपूर्णम्** ॥

अब ईन च्यारों भाषनके याष्टिक मुनिनें न्यारे नाम कहेहैं मुख्य भाषाको नाम मूलभाषा । १ । स्वरभाषाको नाम संकीर्ण भाषा । २ । देसभाषाको नाम देसभाषा । ३ । उपराग भाषाको नाम छायाभाषा । ४ । ऐसे च्यारोनके नाम जांनिये ॥

तहां बीस भाषाराग है तिनमें शुद्धा । १ । आभीरी । २ । रगंती । ३ । मालववेसरी तीन । ३ । ये छह भाषाराग मुख्यभाषा जांनिये ॥ बाकीके चोदह । १४ । रागनमें सो देसभाषा जांनिये ॥ जो राग स्वरके नामसों होय । सो स्वरभाषा जांनिये ॥ ओर जो राग देसके नामसों होय । सो देसभाषा जांनिये । ३ । जो भाषारागमें स्वरको अथवा देसको नाम नहि होय। सो भाषाराग उपरागभाषा जांनिये ॥

इहां भाषा । १ । विभाषा । २ । अंतरभाषा । ३ । इनके राग एकसोबीस । १२० । कहें तिनमें कोईक दोय रागनको एक नाम है ताको अटकाव नही । नाम दोय च्यारनको एक नाम भलेंही होय ये राग न्यारे न्यारे जांनिये ॥ यातें एक नामके दोय राग अथवा तीन राग होय । तहां संदेह नही करनों जैसें गुर्जरी यहां नाम दोय तीनवार आयो तो यहां गुर्जरी नामके न्यारे न्यारे राग जांनिये ॥ **इति रागाध्यायमें ग्रामराग, उपराग, भाषाराग, विभाषाराग, अंतर-भाषारागनके नाम–लछन–भेद संपूर्णम् ॥**

अथ रागांग । १ । भाषांग । २ । क्रियांग । ३ । उपांग । ४ । राग-नके अनुक्रमसों नाम–संख्या लिख्यते ॥ तहां पहले सत्ययुग । १ । त्रेता । २ । द्वापार । ३ । युगनमें प्रसिद्ध गाये ते जे रागांग । १ । भाषांग । २ । क्रियांग । ३ । उपांग । ४ । राग तिनके नाम कहे हैं ॥

अथ प्रथम रागांगके नाम लिख्यते ॥ शंकराभरण । १ । घंटारव । २ । हंसक । ३ । दीपक । ४ । रीति । ५ । पूर्णाटिका । ६ । लाटि । ७ । पल्लवी । ८ । ये राग आठ । ८ । रागांग जांनिये ॥

अथ भाषांगरागके नाम लिख्यते ॥ गंभीरी । १ । वेहारी । २ । खशिक । ३ । उत्पली । ४ । गोल्ली । ५ । नादांतरी । ६ । नीलोत्पली । ७ । छाया । ८ । तरंगिणी । ९ । गांधारगति । १० । वैरंज्या । ११ । ये ग्यारह राग । ११ । भाषांग जांनिये ॥ **इति भाषांग राग संपूर्णम् ॥**

अथ क्रियांग रागनके नाम लिख्यते ॥ भावक्री । १ । स्वभावक्री । २ । शिवक्री । ३ । मरुकक्री । ४ । त्रिनेत्रक्री । ५ । कुमुदक्री । ६ । अनुक्री । ७ ।

ओजक्री । ८ । इंद्रक्री । ९ । नागक्री । १० । धन्यक्री । ११ । विपायक्री । १२। ये बारह । १२ । राग क्रियांग जांनिये ॥ **इति क्रियांग रागके नाम संपूर्णम् ॥**

अथ उपांग रागके नाम लिख्यते ॥ पूर्णाट । १ । देवाल । २ । गुरुंजिका । ३ । ये तीन राग उपांग जांनिये ॥ ऐसे च्यारों अंगनके मिलिके चोतीस । ३४ । रागहैं । ते भरत मतंग याष्टिक आदि मुनिस्वरननें आगले जुगनगे गाये है ॥

अब या कलियुगमें इनके स्वरूपनको भेद कोई नहीं जाने । जो आगिले पुरुष अपने धरममें सावधानहू तैसो शास्त्र रीतिसों इन रागनको गाम करतेथे कलिजुगमे धरमपर जादा आचरण करते नहिं ॥ लोकमनगाने चलेछे धर्मसूं डरते नहीं है ॥ तोहू इन रागनके गान मंगल करताहै ॥

अथ रागांग । १ । भाषांग । २ । क्रियांग । ३ । उपांग । ४ । इन च्यारों अंगनके अब कलियुममें जे प्रसिद्ध नाम हैं तिनके संख्या लिख्यते ॥

तहां प्रथम रागांग रागनके नाम कहे हैं ॥ मध्यमादि । १ । मालवश्री । २ । तोडी । ३ । बंगाल । ४ । भैरव । ५ । वराटि । ६ । गुर्जरी । ७ । गौड । ८ । कोलाहल । ९ । वसंत । १० । धनाश्री । ११ । देशी । १२ । देशाख । १३ । ये राग तेरह जांनिये ॥ **इति रागांग नाम संपूर्णम् ॥**

अथ भाषांग रागके नाम लिख्यते ॥ तहां प्रथम डोंबक्री याको लोकिकमे भूपाली कहतहैं । १ । आसावरी । २ । वेलावली । ३ । प्रथम मंजरी । ४ । आडिकामोदिका । ५ । नागध्वनि । ६ । शुद्धवराटि । ७ । नट्टा कर्णाट । ८ । बंगाल । ९ । ये राग नव भाषांग जांनिये ॥ **इति भाषांग रागके नाम संपूर्णम् ॥**

अथ क्रियांग रागके नाम लिख्यते ॥ रामकरी । १ । गौडकरी । २ । देवकरी । ३ । ये राग तीन क्रियांग जांनिये ॥ **इति क्रियांग रागनके नाम संपूर्णम् ॥**

अथ उपांग रागके नाम लिख्यते ॥ कौंतलि ॥ १ ॥ द्राविडी ॥ २ ॥ सैंधवी ॥ ३ ॥ स्थानवराटि ॥ ४ ॥ हतस्वरवराटि ॥ ५ ॥ प्रतापवराटि ॥ ६ ॥ छायातोडी ॥ ७ ॥ तुरुष्कतोडी ॥ ८ ॥ महाराष्ट्रीगुर्जरी ॥ ९ ॥ सौराष्ट्रीगुर्जरी

॥ १० ॥ दक्षणागुर्जरी ॥ ११ ॥ द्राविडीगुर्जरी ॥ १२ ॥ भुंछिका ॥ १३ ॥ स्तंभतीर्थिका ॥ १४ ॥ छायाविलावली ॥ १५ ॥ मतापवेलावली ॥ १६ ॥ भैरवी ॥ १७ ॥ कामोदासिंहली ॥ १८ ॥ छायानट्टा ॥ १९ ॥ रामकृति॥२०॥ वल्लातिका ॥ २१ ॥ मल्हारी ॥ २२ ॥ मल्हार ॥ २३ ॥ गौड ॥ २४ ॥ देशवाल याको लौकीकमे कर्णाट कहतहै ॥ २५ ॥ तुरष्क याको लोकिकमे मालवगौड कहतहै ॥ २६ ॥ द्राविड ॥ २७ ॥ ये राग सत्ताईस ॥ २७ ॥ उपांग जांनिये ॥

ये च्यारों अंगनके राग कोईकोईक प्रसिद्ध कहे हैं अरु इनतें ओरहु राग प्रसिद्ध अनेक कहे हैं । सो मतंगमुनिनें ऐसें कहें हैं ॥

जो देसी राग अनंत हैं इनको अनिबद्ध जांनिये ॥ शास्त्रमे बांधे नहीं है। यातें इनकी संख्या नहि परंतु कहे जे च्यारो अंगनके कलियुगमे प्रसिद्ध राग ते सब मिलिके बावन । ५२ । होते हैं ॥ पहलि कहै जो राग अरु ये रागसों सिगरे मिलिके दोयसोचोसठि । २६४ । होतहै ॥ ऐसे संगीत रत्नाकरके करता सारंगदेव कहतहै ॥ इति च्यारो **अंगनके प्रसिद्ध राग-नाम संपूर्णम् ॥**

तहां ग्रामरागादिक नव प्रकारके रागनमें प्रथम तीन ग्राम कहे है ॥ तिन ग्राम रागनमें प्रसिद्ध देशीभाषा विभाषा । अंतरभाषा रागांग । भाषांग क्रियांग । उपांग रागनके उपजायवे । वारे जे ग्रामराग तिनको लछन प्रथम कहे हैं ओर बाकीके ग्राम रागनको लछन । उन रागनके जहां जहां देशीराग आदिराग आंवेंगे तहां तहां कहेंगे ॥

अब देसी रागनके कारण जे ग्रामराग तिनके प्रथम भिन्न षड्ज नामको ग्रामराग है । ताको लछन कहिवेको पहले जाति जाति सामान्य रागको लछन कहेहै ॥ ये जाति सामान्य राग संगीत पारिजातमे कहे है ॥

अथ संगीत पारिजातके मतसों रागनके नाम-संख्या लिख्यते ॥

सैंधव ॥ १ ॥ धनाश्रीके तीन भेद संपूर्ण ॥ २ ॥ षाडव ॥ ३ ॥ औडव ॥ ४ ॥ मेघमल्हार ॥ ५ ॥ नीलांबरी ॥ ६ ॥ मालश्री ॥ ७ ॥ रक्तहंस ॥ ८ ॥ गौरी ॥ ९ ॥ मल्लारी ॥ १० ॥ पंचम ॥ ११ ॥ वसंत ॥ १२ ॥ देसाख्य ॥ १३ ॥ देसकारी ॥ १४ ॥ मुखारी ॥ १५ ॥ भैरवी ॥ १६ ॥ भूपाली ॥ १७ ॥ प्रसभ ॥ १८ ॥ वसंतभैरव ॥ १९ ॥

कोल्हहास ॥ २० ॥ भैरव ॥ २१ ॥ मध्यमादि ॥ २२ ॥ बंगाली ॥ २३ ॥ नारायणी ॥ २४ ॥ विभास ॥ २५ ॥ कानडी ॥ २६ ॥ मेघनाद ॥ २७ ॥ छायातोडी ॥ २८ ॥ तोडि ॥ २९ ॥ मार्गतोडि ॥ ३० ॥ घंटाराग ॥ ३१ ॥ वराटि ॥ ३२ ॥ शुद्धवराटि ॥ ३३ ॥ तोडिवराटि ॥ ३४ ॥ नागवराटि ॥ ३५ ॥ पुन्नागवराटि ॥ ३६ ॥ प्रतापवराटि ॥ ३७ ॥ शोक वराटि ॥ ३८ ॥ कल्याण-वराटि ॥ ३९ ॥ खंभावति ॥ ४० ॥ कल्याण ॥ ४१ ॥ आभीर ॥ ४२ ॥ रामकली ॥ ४३ ॥ मालव ॥ ४४ ॥ सारंग ॥ ४५ ॥ गुणकरी ॥ ४६ ॥ शंकराभरण ॥ ४७ ॥ बृहत ॥ ४८ ॥ बडहंस ॥ ४९ ॥ ककुभ ॥ ५० ॥ गोपिकां-बोधी ॥ ५१ ॥ वेलावली ॥ ५२ ॥ केदारी ॥ ५३ ॥ कांबोधी ॥ ५४ ॥ दीपक ॥ ५५ ॥ पटमंजरी ॥ ५६ ॥ ललिता ॥ ५७ ॥ बहुली ॥ ५८ ॥ गुर्जरी ॥ ५९ ॥ दक्षिणागुर्जरी ॥ ६० ॥ रेवगुप्त ॥ ६१ ॥ गौड ॥ ६२ ॥ केदारगौड ॥ ६३ ॥ कर्णाटगौड ॥ ६४ ॥ सारंगगौड ॥ ६५ ॥ रीतिगौड ॥ ६६ ॥ नारायण-गौड ॥ ६७ ॥ मालवगौड ॥ ६८ ॥ देसी ॥ ६९ ॥ हिंदोल ॥ ७० ॥ मार्ग-हिंदोल ॥ ७१ ॥ टक्क ॥ ७२ ॥ नाट ॥ ७३ ॥ नाटनारायण ॥ ७४ ॥ सालगनाट ॥ ७५ ॥ छायानाट ॥ ७६ ॥ कामोदनाट ॥ ७७ ॥ आभीरनाट ॥ ७८ ॥ कल्याणनाट ॥ ७९ ॥ केदारनाट ॥ ८० ॥ वराटि ॥ ८१ ॥ नाट ॥ ८२ ॥ पूर्या ॥ ८३ ॥ श्रीराग ॥ ८४ ॥ पहाडि ॥ ८५ ॥ सावेरी ॥ ८६ ॥ पूर्वी ॥ ८७ ॥ सारंग ॥ ८८ ॥ सालंग ॥ ८९ ॥ विहंगड ॥ ९० ॥ सामंत ॥ ९१ ॥ नादनामक्री ॥ ९२ ॥ गौण ॥ ९३ ॥ मंगलकौशिक ॥ ९४ ॥ कुडाई ॥ ९५ ॥ देवगांधार ॥ ९६ ॥ त्रिवर्ण ॥ ९७ ॥ कुरंग ॥ ९८ ॥ सौदामिनी ॥ ९९ ॥ देवगिरी ॥ १०० ॥ वैजयंती ॥ १०१ ॥ हंस ॥ १०२ ॥ कोकिल ॥ १०३ ॥ जयश्री ॥ १०४ ॥ सुरालय ॥ १०५ ॥ अर्जुन ॥ १०६ ॥ ऐरावत ॥१०७॥ कंकण ॥१०८॥ कुमुद ॥ १०९ ॥ कल्पतरु ॥११०॥ रत्नावली ॥ १११ ॥ सोरठ ॥ ११२ ॥ मारू ॥ ११३ ॥ चक्रधर ॥ ११४ ॥ मंजुघोष ॥ ११५ ॥ सिंहरव ॥ ११६ ॥ शिववल्लभ ॥ ११७ ॥ आनंदभैरव ॥ ११८ ॥ मनोहर ॥ ११९ ॥ मानवी ॥ १२० ॥ राजधानि ॥ १२१ ॥ रामराज

॥ १२२ ॥ शंकरानंद॥ १२३ ॥ शर्वरी ॥ १२४ ॥ **इति संगीत पारिजातके मतसों रागनकी संख्या संपूर्णम् ॥**

अथ संगीत रत्नाकरके मतसों नाटरागनकी संख्या लिख्यते ॥
कान्हारनाट । १ । हीरनाट । २ । हमीरनाट । ३ । कामोदनाट । ४ । शुद्धनाट । ५ । मेघनाट । ६ । सारंगनाट । ७ । केदारनाट । ८ । नाट । ९ । **इति नव नाट संपूर्णम् ॥**

अथ अनुपविलासके मतसों सोलह नाटके नाम लिख्यते ॥
शुद्धनाट । १ । सालंगभाट । २ । छायानाट । ३ । केदारनाट । ४ । कल्याण-नाट । ५ । आभीरनाट । ६ । कर्णाटनाट । ७ । वरालीनाट । ८ । सारंगनाट । ९ । कामोदनाट । १० । वर्णनाट । ११ । बिभासनाट । १२ । हम्मीरनाट । १३ । कदंबनाट । १४ । पूर्णनाट । १५ । पूर्यानाट । १६ । **इति अनुप-विलास मतसों सोलह नाट संपूर्णम् ॥**

अथ याष्टिकके मतसों चोदह । १४ । प्रकारके कान्हाडाके नाम-संख्या लछन लिख्यते ॥ शास्त्रमे कान्हाडेको नाम कर्णाट कहे हैं ॥

सुद्धराग मिलीते सो कान्हडोदर बार जांनिये ॥ १ ॥
जामें मल्हारको मेल होय सो कान्हडो नायकी जांनिये ॥ २ ॥
जामें धनासिरीको मिलाप होय सो कान्हडो वागेसरी जांनिये ॥ ३ ॥
जामें मेघरागको मिलाप होय सो कान्हडो अडाना जांनिये ॥ ४ ॥
जामें फरोदस्तरागको मिलाप होय सो कान्हडो शहाणा जांनिये ॥ ५ ॥
जामें जेतसिरीको मिलाप होय सो कान्हडो पूरिया जांनिये ॥ ६ ॥
या पूरियाको मंगलाष्ट कहतहै ॥ जामें मुद्रिकरागको मिलाप होय सो कान्हडा मुद्रिक कान्हडो जांनिये ॥ ७ ॥

जामें गारा रागको मिलाप होय सो कान्हडो गारा कान्हडो जांनिये ॥८॥
जामें हुसेनी रागको मिलाप होय सो कान्हडो हुसेनी कान्हडो जांनिये॥९॥
जामें काफी रागको मिलाप होय सो कान्हडो काफी कान्हडो जांनिये ॥ १० ॥

जामें सोरठ रागको मिलाप होय सो कान्हडो सोरठ कान्हडो जांनिये ॥११॥

जामें खम्बायती रागको मिलाप होय सो कान्हडो, खम्बायती कान्हडो जांनिये ॥ १२ ॥

जामें गौडरागको मिलाप होय सो कान्हडो, गौड कान्हडो जांनिये। याको कान्हडो गौड कहत है ॥ १३ ॥

जामें ओर रागको मिलाप न होय सो कान्हडो कर्णाट जांनिये ॥ १४ ॥ इति चोदह कान्हडाको नाम संपूर्णम् ॥

अथ सारंगदेव राजऋषिके मतसो संपूर्ण । १ । षाडव । २ । औडव । ३ । इन तीन तीन प्रकारके जितने राग है तिनके नाम लिख्यते ॥ तहां अनुष्टुप् चक्रवर्तिके मतसों नव प्रकारके भैरव भेद लिख्यते ॥ सुद्धगांधार ग्रह संपूर्णम् । १ । अंतर गांधार ग्रह संपूर्णम् । २ । साधारण गांधार ग्रह संपूर्णम् । ३ । वसंत भैरव । ४ । आनंद भैरव । ५ । नंद भैरव । ६ । गांधार भैरव । ७ । स्वर्गाक भैरव । ८ । पंचम भैरव । ९ । ये नव प्रकारके भैरव राग संपूर्णम् ॥ संपूर्ण । १ । षाडव । २ । औडव । ३ । ऐसें तीन प्रकारके भैरव जांनिये ॥ इति नव प्रकारके भैरव संपूर्णम् ॥

अथ नव प्रकारकी गुर्जरी । तहां षड्ज ग्राम आदि लेके सब रागनके उपजायनवारे ग्राम राग कहे है तिन जातिमें लोकीकमें भैरव राग प्रसिद्ध है। ताके कहिवेको अठारह जातिनमें अनुक्रमसों षाड्जी आदि सुद्ध सात जाति छोडिके विकृति जाति जो षड्जोदीच्यवा । ताको लछन स्वराध्यायमें अठारह । १८ । जाति लछननमेंसो तहां देखी लीजिये ॥

अथ जातिनके वरतिवेकी रीति लिख्यते ॥ ये अठारह जाति वरतिवेको संपूर्ण जांनिये कोई जाति एक स्वरके घटाये षाडव होत है। दोय स्वर घटाये तें औडव होत है ताको उदाहरण संपूर्णको भावभटने कह्यो सो कहतहैं । सासा मम गग गगपम गममध पमरिसा धध पध धधसा । ऐसेही षाडवके उदाहरण जांनिये ॥ इति षड्जोदीच्यवती जाति संपूर्णम् ॥

अथ भिन्न षड्ज रागको लछन लिख्यते ॥ षड्जोदीच्यवती जातिसों जाकी उत्पत्ति होय । ओर जामें रिषभ पंचम नहीं होय । जाको अंशस्वर ग्रहस्वर धैवत होय प्रथम स्वर जाको न्यास होय । जाकी उत्तरायता

मूर्छनामें वरताव होय । जामें संचारी वरन सुंदर होय जामें प्रसन्नांत अलंकार होय । जामें काकली निषाद अरु अंतर गांधार होय । जाको देवता ब्रह्माजी है । हेमंतऋतु कहतें । मागसिर पौष इन दोय महिनामें दिनके पहले पहरमें गावनों । ओर जामें बीभच्छ रस भयानक रस मुख्य होय । चक्रवर्ती राजाके राजतिलकके समैं राजाकी सभामें गावनों ऐसो जो राग सो भिन्न षड्ज राग जांनिये ॥

या रागके स्वरनमें षड्ज स्वर भिन्न कहतें विकृत है यातें याको भिन्न षड्ज कहे हैं । ऐसेंही जहां ओर कोउ स्वर भिन्न होय । तहां ऐसेंही विकृत स्वरकी भिन्न संज्ञा जांनिये ॥ सो भिन्न राग च्यार प्रकारको है श्रुति भिन्न । १ । जाति भिन्न । २ । सुद्ध भिन्न । ३ । स्वर भिन्न । ४ । ऐसे च्यार भिन्न जांनिये ॥ भिन्न कहिये विकृत ऐसे बारह । १२ । विकृत अथवा बाईस । २२ । अथवा बियाचालीसनमें । ४२ । जो स्वर विकृत होय सो भिन्न जांनिये ॥ यातें भिन्न षड्ज रागमें षड्ज विकृत जांनिये ॥

अथ प्रथम स्वर भिन्नको लछन लिख्यते ॥ जामें अपनी जातीको वादीस्वरतो लीजिये । अरु संवादीस्वर छोडि दीजिये । अथवा संवादी न्यास स्वर कीजिये । ओर विवादी स्वर अनुवादीस्वरहुं लीजिये । सो राग वा जातितें भिन्न स्वर जांनिये ॥ ऐसे रागहू ते राग भिन्न स्वर जांनिये जैसे शुद्ध षाडवराग । १। तें भिन्न षड्जराग अरु भिन्न पंचमरागको स्वरसमूह न्यारो है ऐसे भिन्न षड्ज भिन्न पंचम शुद्ध षाडवतें भिन्न जांनिये ॥ **इति स्वर भिन्नको लछन संपूर्णम् ॥**

अथ जाति भिन्नको लछन लिख्यते ॥ जा रागमें अपनी जातिको अंशस्वर स्वल्पता कहिये । थोडेपनतें अथवा बहूत कहिये । बहूतपनेतें वह अंश स्वर स्थाई वरण होय के ग्रहस्वर होय । ओर बाकीके स्वर सूक्ष्म अथवा अति सूक्ष्म होय अरु कुटिलतालीये होय । सो राग जाति भिन्न जांनिये ॥ कहूंक रागनतेंहू जाति भिन्न होत है । जैसे सुद्ध कैसिक मध्यम रागके ओर भिन्न कैसिक रागके अंशस्वर ग्रहस्वर एकही है तोहू अपनी जातिके स्थाई आदिवर्ण सूक्ष्म अतिसक्ष्म स्वर प्रयोगके भेदतें ये दोउ राग आपसमें जाति भिन्न जांनिये ॥ **इति जाति भिन्नको लछन संपूर्णम् ॥**

अथ शुद्ध भिन्नको लछन लिख्यते ॥ ओर रागके मंद्र । १ । मध्य । २ । तार । ३ । स्थानके स्वरसमूह छोडि करिके जुदे स्थानके स्वरसमूह जा रागमें होय । ओर वह स्वरसमूह एकही है परंतु स्थानको भेद होय । सो सुद्ध भिन्न जांनिये ॥ जैसे सुद्ध कैसिक रागको ओर भिन्न कैसिक रागको स्वरसमूह एकही है । परंतु शुद्ध कैसिकरागमें वह स्वरसमूह मंद्रस्थानको लीजिये ऐसे स्थान भेदतें शुद्ध कैसिक ओर भिन्न कैसिक । ये दोऊ आपसमें शुद्ध भिन्न जांनिये ॥ **इति शुद्ध भिन्नको लछन संपूर्णम् ॥**

अथ श्रुति भिन्नको लछन लिख्यते ॥ जा रागमें च्यार श्रुतिको स्वर विकृत होयके दोय श्रुतिको रहे ओर दोय श्रुतिको गांधार होय सो राग श्रुति भिन्न जांनिये ॥ जैसें भिन्न तानरागमें निषादस्वर काकली होयके षड्जकी पहली दोय श्रुति लेतहे तब च्यारि श्रुतिको षड्ज सो दोय श्रुतिको होत है । ओर गांधार स्वर भिन्न तानरागमें दोय श्रुतिकोही है । यातें भिन्न तानराग श्रुति भिन्न जांनिये ॥ ऐसे काकली निषाद अंतर गांधार भिन्न षड्जमेंहूं कहे हें । तातें भिन्न षड्ज रागहूं श्रुति भिन्न जांनिये ॥ **इति च्यार प्रकारके भिन्न लछन संपूर्णम् ॥**

अथ भिन्न षड्ज रागको ध्यान लिख्यते ॥ जा रागको पीतवरनहै ओर वीर रसमें मगन हैं । संग्राममें हाथमें खड्ग लेके वैरीके माथे काटे हैं। बार बार शस्त्रको चलावे हे ओर कायर पुरुषको देखिके वांके उपर शस्त्र नहि चलावे है । ऐसो जो राग तांहि भिन्न षड्ज जांनिये ॥

अब इहां रागके वरतिवेके जो स्वरसमूह सो पांच प्रकारको हे ॥ आलाप । १ । रूपक । २ । करण । ३ । वर्तिनी । ४ । आक्षिप्तका । ५ । तिनके नाम-लछन कहत है ॥

अथ प्रथम आलापको लछन लिख्यते ॥ रागके जा वरतवेमें ग्रह-स्वर । १ । अंशस्वर । २ । तारस्वर । ३ । मंद्रस्वर । ४ । न्यासस्वर । ५ । अपन्यासस्वर । ६ । इनको थोडापनेको बहुतपनेको अथवा षाडव । १ । औडव । २ । इनको इहां आछीतरह ग्यान नही होय । अरु रागतो आछीतरह वरत्यो जाय सो वरताव आलाप जांनिये ॥

अथ भिन्न षड्जके आलापको उदाहरण लिख्यते ॥ ध गा मा म गा सा सा स ग म धा धा नि ध म ग मा मा मां मां म म ध मा ग सा स स । स ग सं स म धा धा धा स नि सा सा स सा स सा । सा नी सा नी ग नीं सा नी धा धा स नि स सां स स संग संग म धा धा नि धा म ग मा म ध ध नी नी मा गा म गा सा ॥ इति आलाप उदाहरण–लछन संपूर्णम् ॥

अथ रूपकको लछन लिख्यते ॥ जा आलापमें रागके विभागनमें विश्राम करिके स्वरको उच्चार होय । ओर अपन्यास स्वरनको जान्यों जाय ऐसो जो आलाप होय ताको रूपक जांनिये ॥ यह रूपक नाम आलाप भाषा आदिक रागनमें कीजिये ॥ ग्रामराग । १ । उपराग । २ । रागनमें यह मतंम मुनिके मत हैं । ओर इहां करणवर्तनके नाम कहें । परंतु इनके लछन प्रबंधनकी अध्यायमें कहेंहैं । ये दोउ करण । १ । वर्तिनी । २ । प्रबंधरूपही हे । यातें इनको लछन नही कह्यो । यह सारंगदेव राजऋषिके मत है ॥ इति रूपकको लछन संपूर्णम् ॥

अथ आक्षिप्तकाको लछन लिख्यते ॥ जहां जातिनमें कही जे कला तिमकी रीतिसों स्वरनको उच्चार कीजिये । फेर उन स्वरनमें रामकृष्ण आदि शब्दको उच्चार कीजिये । ऐसे जितनी कला होय तितनी कलानमें कीजिये । ओर उन कलानमें चित्र मार्ग । १ । वार्तिक मार्ग । २ । दक्षिण मार्ग । ३ । इन तीनों मार्गनसों चंचतपुट आदि मार्गी तालनके एक कल । १ । द्विकल । २ । चतुष्कल । ३ । भेद होय । ऐसे जो स्वर ओर अक्षर इन दोउनकी रचना रागनमें कीजिये सो आक्षिप्तका जांनिये ॥ इति आक्षिप्तकाको लछन संपूर्णम् ॥

अथ आक्षिप्तकाको उदाहरण लिख्यते ॥ ध ध ध नि प प म ग स ग म नि ध ध ध नि ध प म ग स ग म ध ॥ जल ०० तरं ०० ग ०० भं ०० गुरं ०० अने ०० करेणु ॥ इति आक्षिप्तकाको उदाहरण संपूर्णम् ॥

अब संगीत रत्नाकरके मतसों भिन्न षड्ज नामके ग्राम रागसों भैरवराग उत्पन्न भयो है सो सब रागको राजा है ॥

अथ श्रीमत् हनुमानजीके मतसों भैरव आदि राग रागीनीनकी उत्पत्ति स्वरूप लछन जंत्र लिख्यते ॥ तहां प्रथम भैरव रागकी उत्पत्ति

लिख्यते ॥ श्रीशिवजीनें तांडव नृत्य रच्यो ता समय सकल देवता, मुनि, असुर, नाग आदि सिगरे आये । ता समय दैत्यनके त्रास देवेके वास्ते श्रीशिवजीके अघोर मुखतें भैरव राग प्रगट भयो । ताको श्रवण करिके दैत्य सब भाग गये देवतानको हर्ष भयो ॥

अथ भैरवरागको स्वरूप लिख्यते ॥ स्वेत जाको रंग है । स्वेत वस्त्रको पहरे हैं । अरु गजचर्मको ओढे हैं । सर्पनके गहणे पहरे हैं । जटाजूटमें गंगाको धरे हैं । ओर चंद्रकलाको ललाटपे धरे हैं । तीन जाके नेत्र है। नरमुंडनकी माला पहरे हैं । अरु जाके हातमें त्रिशूल है । सब रागनके आदि । भैरवराग शास्त्रमें तो यह पांच स्वरनसें गायो है । ध नि स ग म ध । यातें औडव हैं । ओर लोकीकमें अनुरंजनके अरथ ऋषभ । पंचम ये दोऊ स्वरभी वरते हैं । यातें संपूरनहूं है । याको च्यार घडीके सबेरेतें दोय घडीके तडके ताईं । गावनो यहतो याको बखत है । ओर चाहो जब गावो यह राग सदाही मंगलीक है ॥

अथ भैरवरागकी परीक्षा लिख्यते ॥ घाणीमें तील डारि वामें लाठि मेलिके बलध जोते नहीं । ओर भैरवराग गाईये जो वांके गायवेसों घाणीकी लाठि । आपहीसों फिरवे लगे । तब भैरवराग सांचो जांनिये ॥

अब याकी आलाप चारी सात स्वरनमें कीजिये ॥ राग वरतेसो जंत्र लिखिये है। तासों समझिये ॥ यामें ग्रहां सन्यास धैवत है ॥ नृत्य निर्णयके मतसों षड्ज न्यास राख्यो। यह संगीतदर्पणके मतसों भैरवराग है पांच स्वरनसों गायो है। यातें संगीतदर्पणके मतसों औडव जांनिये ॥ ओर राग विबोध चंद्रोदय। नृत्य निर्णय । ओर बगैर ग्रंथनमें यह भैरवराग सात स्वरनमें गायो है षड्ज स्वरमें ग्रह अंशन्यास राखे है । याते भैरवराग संपूर्ण है । यह भैरवराग साक्षात् भैरव स्वरूप है । जो कोई पुरुष श्रद्धा भक्तीसों पवित्र होयके शास्त्र रीतिसों पंचायतन पूजामें देवतानकी स्तुतिमें ये रचि गावे । अथवा नित्य नियमसों सुनें ताको च्यारु पदार्थ शिवजी प्रसन्न होयके देत हैं । यातें मुक्तीकी इच्छा करिके । श्रीशिवजी हनुमानजी नारदजी आदि देवऋषि । भरत आदि ब्रह्मर्षि । सारंगदेव आदि राजर्षि । संगीतशास्त्रके जानिवेवारेनें गायो हे ॥

प्रथम राग भैरव (संपूर्ण).

ध	धैवत उतरी, नीचली सप्तककी मात्रा एक तक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक तक
नि	निषाद चढी, नीचली सप्तककी मात्रा एक तक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक तक
स	षड्ज असली, मात्रा एक तक	नि	निषाद चढी, नीचली सप्तककी मात्रा एक तक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक तक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय तक

रि	रिषभ उतरी, मात्रा दोय तक	ग	गांधार चढी, मात्रा दोय तक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक तक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक तक
नि	निषाद चढी, नीचली सप्तककी मात्रा एक तक	नि	निषाद अंतर, मात्रा एक तक
ध	धैवत उतरी, नीचली सप्तककी मात्रा एक तक	ध	धैवत उतरी, मात्रा एक तक

प	पंचम असलि, मात्रा एक तक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक तक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक तक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक तक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक तक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक तक
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक तक	स	षड्ज असली, मात्रा एक तक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक तक		

॥ इति भैरव राग संपूर्णम् ॥

अथ इन रागनकी रागनीनकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ ये छहो राग अपने अपने कारिज करिके। शिवजीके आगे ठाढें भये ता समय पार्वतीजीनें कह्यो तुमको क्या कामनाहे तब रागननें सहाई मांग्यो हमकों स्त्रीरूप सहाई दीजिये। तब पार्वतीनें शिवजीसों विनंति करी महाराज इनकुं स्त्री दीजिये। तब शिवजीनें पार्वतीजीके बचन सुनी। डेरूमेंसो काढी इन छहो रागनको पांच पांच रागनी दीनी। तब रागनी डेरुमेसों निकसि करिके। नृत्यसों शिवजीको प्रसन्न किये। तब शिवजीनें वरदान दीनों जो तुमकों गावेंगे ताके सकल मनोरथ सफल होवेंगे ॥ **इति सकल रागनीनकी उत्पत्ति संपूर्णम् ॥**

अथ भैरवरागकी पांचो रागनीनकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें डेरूमेंसें सब रागनीनको उत्पन्न करिके। उनमेंसों विभाग करिवेको अघोर मुखसों गायके। प्रथम मध्यमादि नाम रागनी भैरवकी छाया जूक्ति देखी भैरवको दीनी ॥ अथ मध्यमादि रागके स्वरूप लिख्यते ॥ सुवरनको जाको रंग हे। केसरसों चरचित जाको सरीर हे। अरु कमलपत्रसें विसाल जाके नेत्र है। अरु जाके पतिनें हसिके आलिंगन कर जाके मुखको चूंबन कियो है। ऐसी जो रागनी तांहि मध्यमादि जांनिये ॥ ओर लोकिकमें याको मधुमाधव कहे हैं। शास्त्रमें तो यह सात स्वरनसों गाई है। म प ध नि स रि ग म । यातें संपूर्ण हे। अथवा म प नि स ग म । यातें औडव याको दोय घडीके सबेरेते लें घडीके सबेरे तांई गावनी। एक घडीको प्रमान है यह तो याको बखत हैं। ओर याको दिनके प्रथम पहरमें चाहो जब गावो। याकी आलाप चारी सात स्वरनमें किये राग वरतेसों जंत्रसों समझिये ॥ अनूप विलाससें ग्रहांस रिषभ न्यास षड्ज ॥

भैरवरागकी मध्यमादि (मधुमाधवी) रागनी १ संपूर्ण.

रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय तक	ध	धैवत असलि, मात्रा दोय तक
प	पंचम असलि, मात्रा दोय तक	प	पंचम असलि, मात्रा एक तक
रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय तक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक तक
प	पंचम असलि, मात्रा दोय तक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक तक

ग	गांधार उतरी, मात्रा एक तक	नि	निषाद उतरी, मात्रा एक तक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक तक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक तक
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक तक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक तक

(मधुमाधव–ओडव.)

म	मध्यम उतरी, मात्रा एक तक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक तक
प	पंचम असली, मात्रा एक तक	नि	निषाद उतरी, मात्रा एक तक
नि	निषाद उतरी, मात्रा एक तक	प	पंचम असलि, मात्रा एक तक
प	पंचम असलि, मात्रा एक तक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक तक
नि	निषाद उतरी, मात्रा एक तक		

नि	निषाद उतरी, मात्रा एक तक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक तक
प	पंचम असलि, मात्रा एक तक	नि	निषाद उतरी, नीचली सप्तककी मात्रा एक तक
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक तक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक तक
प	पंचम असलि, मात्रा दोय तक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक तक

अथ भैरवरागकी दूसरी भैरवीरागनी ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें वाकी रागनीनमेसों विभाग करिवेको । अघोरमुखसों गायकें दूसरी

भैरवी नाम रागनी भैरवकी छाया जुक्ति देखी भैरवको दीनी ॥ अथ भैरवी रागनीको स्वरूप लिख्यते ॥ पीरो जाको रंगहे बडे जाके नेत्रहै। अरु सुंदर कैलासके शिखरमें स्फटिकके सिंहासनपे विराजमान फूले कमलके पत्रनसों शिवका पूजन करतहे । हाथसों ताल बजावतेहै ॥ ऐसी जो भैरवकी रागनी ताहि भैरवी जांनिये ॥ शास्त्रमें तों यह सात स्वरनसों गाईहै। म प ध नि स रि ग म। यातें संपूरन है ॥ अथवा ध नि स ग म ध । यातें औडव हूंहे ॥ याको घडिके तडके तलक दिन उगें ताई गावनों । दिनके दोय पहर ताई चाहो जब गावो । याकी आलापचारी सात स्वरनमें किये राग वरतेसो जंत्रसों समझिये । अनूपविलाससें ग्रहांस न्यास षड्ज ॥

भैरव रागकी द्वितीय रागनी भैरवी २ (संपूर्ण).

म	षड्ज असलि, मात्रा एक तक	ध	धैवत उतरी, मात्रा एक तक
ध	धैवत उतरी, मात्रा दोय तक	प	पंचम असलि, मात्रा एक तक
प	पंचम असलि, मात्रा एक तक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक तक
नि	निषाध उतरी, मात्रा एक तक	ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय तक

स	षड्ज असलि, मात्रा एक तक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक तक
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक तक	ग	गांधार उतरी, मात्रा एक तक
ग	गांधार उतरी, मात्रा एक तक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक तक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक तक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय तक

ध	धैवत उतरी, नीचली सप्तककी, मात्रा एक तक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक तक
	गांधार उतरी, मात्रा दोय तक	ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय तक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक तक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक तक
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक तक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक तक

अथ भैरव रागकी तीसरी बंगाली रागनी ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें बाकी रागनीनमेंसों विभाग करिवेको । अघोर मुखसों गायके तीसरी बंगाली नामरागनी भैरवकी छाया जुक्ति देखी भैरवको दीनी ॥

अथ बंगाली रागनीको स्वरूप लिख्यते ॥ गौर रंग मनोहर जाकी मूर्ति हे । अरू सुंदर मुंजकी कणगती पहरे हे । ओर वृक्षकी वल्कके वस्त्र पहरे हें । लंबो जाको शरीर हे अरू बडो जामें क्रोध हे । अरू सामवेदको गान करत है। ऐसी जो रागनी ताहि बंगाली जानिये ॥ शास्त्रमें तो यह पांच स्वरनसों गाई हे । स ग म प नि स यातें औडव है अथवा म प ध नि स रि ग म यातें संपूरन है। याको दिनऊगतें ले घडी एक दिनचडे जहां तांई गावनी । यह तो याको वखत हे । दिनके प्रथम पहरमें चाहो जब गावो याकी आलापचारी सात स्वरनमें किये राग वरतेसो जंत्रसों समझिये ॥ अनूपविलाससें ग्रहांस न्यास धैवत ॥

भैरव रागकी तृतीय रागनी बंगाली (संपूर्ण).

ध	धैवत उतरी, मात्रा एक तक	म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय तक
नि	निषाध उतरी, मात्रा एक तक	ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय तक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक तक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक तक

प	पंचम असलि, मात्रा दोय	म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय
म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय	ग	गांधार उतरी, मात्रा एक
ध	धैवत उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा दोय	ग	गांधार उतरी, मात्रा एक

म	मध्यम उतरी, मात्रा च्यार	ग	गांधार उतरी, मात्रा च्यार
ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय	रि	रिषभ उतरी, मात्रा दोय
प	पंचम असलि, मात्रा एक	ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक

ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक		

अथ भैरव रागकी चोथी वरारी नाम रागनी ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें उन रागनीनमेंसों विभाग करिवेको । अघोर मुखसों गायके वरारी नामरागनी भैरवकी छाया जुक्ति देखे भैरवको दीनी ॥

अथ वरारी रागनीको स्वरूप लिख्यते ॥ गौर रंग सुंदर जाको सरीर है । हाथनमें कंकण पहरे हैं । और अपनें पतिके उपर चवर ढुलावत है । सुंदर जाके केंस है । कल्पवृक्ष फूल काननमें पहरे है । एसी जो रागनी तांहि

वरारी जांनिये ॥ शास्त्रमें तो यह सात स्वरनसों गाई है । स रि ग म प ध नि स यातें संपूरन है । याको दिनके दूसेर पहरकी घडी एक बाकी रहे जब गावनी यहतो याको बखत है । दुसेर पहरमें चाहो जब गावो । अब याकी आलाप चारी सात स्वरनमें किये राग वरेतसो जंत्रसों समझिये । संगीत दरपनसें ग्रहांस न्यास षड्ज ॥

भैरव रागकी चतुर्थ रागनी वरारी ४ (संपूर्ण).

स	षड्ज असलि, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा दोय
प	पंचम असलि, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय

नि	निषाध चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा दोय
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक

प	पंचम असलि, मात्रा तीन	ग	गांधार चढी, मात्रा दोय
ध	धैवत उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

अथ भैरव रागकी पांचई सैंधवी रागनीकी उत्पत्ति लिख्यते ॥
शिवजीनें उन रागनीमेंसों विभाग करिवेको । अघोर मुखसों गायके । पांचवी सैंधवी नाम रागनी । भैरवकी छाया जुक्ति देखि भैरवकों दीनी । याकों लोकी-कमें सैंधवीको नाम सिंधू कहत हैं ॥ अथ सैंधवीको स्वरूप लिख्यते ॥ गौर सुंदर जाको स्वरूप हैं । कसूमल वस्त्र पहेरे हैं । मिजनाके फूलनको धारे हैं । हाथमें जाके त्रिशूल हैं । शिवजीकी भक्तीमें जाको चित्त आसक्त हैं । प्रचंड जाको कोप हे । वीर रसमें मग्न हैं । ऐसी जो रागनी तांहि सैंधवी जांनिये ॥ शास्त्रमें तो यह सात स्वरनसों गाई है । स रि ग म प ध नि स । यातें संपूरन है । अथवा स ग म प ध नि स यातें षाडवहूं हैं । याके दिनके दूसरे पहरकी दूसरी घडीमें गावनों ओर संग्राम समेंमें चाहो जब गावो । याकी आलापचारी सात स्वरनमें कीये राग वरते सो जंत्रसों समझिये । अनूपविलाससें ग्रहांस धैवत न्यास षड्ज ॥

भैरव रागकी पांचवी रागनी सैंधवी ५ (संपूर्ण).

ध	धैवत उतरी, मात्रा दोय	ध	धैवत उतरी, मात्रा दोय
प	पंचम असलि, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
ध	धैवत उतरी, मात्रा एक	ध	धैवत उतरी, मात्रा एक
नि	निषाध उतरी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक

प	पंचम असलि, मात्रा दोय	रि	रिषभ उतरी, मात्रा दोय
रि	रिषभ उतरी, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, मात्रा तीन
ग	गांधार उतरी, मात्रा एक		

इति सैंधवी रागनी संपूर्णम् ॥ इति भैरव रागकी सब रागनी संपूर्ण ॥

अथ मालकोंस रागकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीके वामदेव नाम दूसरे मुखतें मालकोंस भयो । देवतानको अंग दैत्यनके जूद्धतें । छिन्न भिन्न भये तिनके यथायोग्य करिवेके लिये । यह राग अमृतरूप हैं । याके श्रवण करिके देवतानके अंग यथायोग्य भये कौशिक रागको नाम शास्त्रमें मालकौसिक । अरू लोकीकमें मालकोंस कहत है । अथ मालकोंसको स्वरूप लाल जाको रंग है । ओर हाथमें पीरे रंगकी छडी लीये है । आप बडो बीर है । ओर वीरपुरुषनमें जाको परिचय है । वीरपुरुष जाके संग है । वैरीनकी माथानकी माला पहेरे है। एसो जो होय तांहि मालकोंस राग जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात स्वरनसों गायो है । स रि ग म प ध नि स यातें संपूरन है । याको छे घडीके सवेरे तलक च्यार घडीके सवेरे तांई गावनों । यहतो याको बखत है । ओर यह राग मंगलीक है चाहो तब गावो ॥ अथ मालकोंस रागकी परीक्षा लिख्यते ॥ जोसिघडीमें आरणा छाणा धरीके मालकोंस राग गाईये जो गाईवेसों बिनाही अग्नि डार सिघडी प्रज्वलित होई । तब मालकोंस राग साचो जांनिये ॥ याकी आलापचारी सात सुरनमें किये । राग वरतेसों जंत्रसों समझिये। संगीत दरपनसें ग्रहांस न्यास षड्जमें ॥

अथ द्वितीय राग मालकोंस २ (संपूर्ण).

म	षड्ज असलि, मात्रा एक	म	मध्यम चढी, मात्रा दोय
म	मध्यम उतरी, मात्रा तीन	ग	गांधार उतरी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा दोय		

रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
ग	गांधार उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
प	पंचम चढी, मात्रा एक	नि	निषाध उतरी निचली सप्तककी, मात्रा एक
ग	गांधार उतरी, मात्रा तीन	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

ग	गांधार उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	नि	निषाध उतरी, नीचली सप्तककी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा दोय	ध	धैवत उतरी, नीचली सप्तककी, मात्रा एक
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक	नि	निषाध उतरी, नीचली सप्तककी, मात्रा एक

स	षड्ज असलि, मात्रा एक	म	मध्यम चढी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार उतरी, मात्रा एक
ग	गांधार उतरी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	ग	गांधार उतरी, मात्रा एक

रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार उतरी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

॥ इति मालकौंस राग संपूर्णम् ॥

अथ मालकौंसकी पांचो रागनीनकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें वाकी रागनीनमें विभाग करिवको वामदेव नाम मुखसों गायके । प्रथम रागनी टोडी मालकौंसकी छाया जुक्ति देखी मालकौंसकों दीनी ॥ अथ प्रथम टोडी रागिनीको स्वरूप लिख्यते ॥ याको लोकिकमें मीयाकी टोडी कहे है । जाके अंगतुसार ओर मोगरेके फूल समान ऊज्जल जाको अंग है । ओर केसर

कपूरको अंग राग लगाये है । बनमें हिरनसों विहार करे है । और हाथमें बीण बजावे हैं । ऐसो जो राग तांहि टोडी कहियें । म ध नि स रि ग म । अथवा स रि ग म प ध नि स । यह शास्त्रको मत है । यह सात स्वरनसों गाई है । यातें संपूर्ण है । अरू दिनके दूसरे पहरकी चौथी घडीमें गावनी यहतो याको बखत है । अरू दूसरे पहरमें चाहो तब गावो । याकी आलापचारी सात सुरनमें किये । राग वरतेसों जंत्रसों समझिये । अनूपविलाससें ग्रहांस गांधार न्यास षड्जमें ॥

अथ मालकोंसकी प्रथम रागनी टोडी १ (संपूर्ण)

ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय	प	पंचम असलि, मात्रा एक
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक	ध	धैवत उतरी, मात्रा दोय
ग	गांधार उतरी, मात्रा एक	नि	निषाध उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	ध	धैवत उतरी, मात्रा एक

म	मध्यम अंतर, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
ग	गांधार उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार उतरी, मात्रा एक
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा चार

॥ इति टोडी रागनी संपूर्णम् ॥

अथ मालकोंसकी द्वितीय रागनी खंबायची याको लोकिकमें खंबायती कहत हैं ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ याहूकों शिवजीनें वामदेव मुखसों गायके मालकोंसकी छाया जुक्ति देखि मालकोंसकों दीनी ॥ अथ

खंबायतीको स्वरूप लिख्यते ॥ सुंदरता अरू लावण्य जुक्त गौर जाको अंग है। ओर रागकी धूंनी जाको प्यारी है। कोकिलके समान जाके कंठको नाद है। ओर प्रिय वचन कहे हैं। सुखको देह ओर बडी रसज्ञ है । ऐसी जो रागनी तांही खंबायती कहिये। शास्त्रमेंतो यह छ सुरनमें गाई है। ध नि स रि ग म ध। यातें षाडव है याको रात्रिकी दूसरे पहरकी पीछली घडीमें गाईये। ओर रात्रिके दूसरे पहरमें चाहो तब गावो। याकी आलाप चारी छ सुरनमें किये। राग वरत, सो जंत्रसों समझिये ॥ संगीत दरपनकें मतसें। ग्रहांश। धैवत। न्यास। षड्ज ॥

मालकोंसकी द्वितीय रागनी खंबायती २ (षाडव).

ध	धैवत उतरी, मात्रा दोय	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
नि	निषाद उतरी, मात्रा दोय	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
ध	धैवत उतरी, मात्रा दोय	ध	धैवत उतरी, मात्रा दोय
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक

ध	धैवत चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, नीचली सप्तककी मात्रा एक
नि	निषाद उतरी, मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, नीचली सप्तककी मात्रा दोय	नि	निषाद उतरी, मात्रा एक
नि	निषाद उतरी, मात्रा दोय	ध	धैवत चढी, मात्रा एक

स	षड्ज असलि, नीचली सप्तककी मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
नि	निषाद उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय

॥ इति मालकोंसकी दूसरी रागनी मारगी खंबायती संपूर्णम् ॥

अथ देसी खंबायतीको जंत्र लिख्यते ॥ ग्रहांश गांधार न्यास षड्ज ॥

ग	गांधार चढी, मात्रा एक	नि	निषाद उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
नि	निषाद उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा दोय
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक

ग	गांधार चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
नि	निषाद उतरी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक

ग	गांधार चढी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
नि	निषाद उतरी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक		

॥ इति देशी खंबायती रागनी संपूर्णम् ॥

अथ मालकोंसकी तीसरी रागनी गौरी ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ गौरीहूकों शिवजीनें वामदेव मुखसों गायके मालकोंसकी छाया जुक्ति देखी मालकोंसको दीनी ॥ अथ गौरीको स्वरूप लिख्यते ॥ गौर वरण तरुण जाकी अवस्था है । मधुर वचन बोले हें । ओर कानमें आंबके मोर धरे हैं । कोकिलकेसे जाको कंठ स्वर है । ऐसी जो रागनी ताही गौरी जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह सात स्वरनमें गाई है । स रि ग म प ध नि स । यातें संपूर्ण है ॥ या रागिनीकों दिन मूंदेसूं लेके घडी एक राति जाय । तहां ताई गाईयें ॥ यहतो

याको बखत है । अरू रात्रिको पहले पहरमें चाहो तब गावो । याकी आलाप चारी सात सुरनमें किये। राग बरतेंसों जंत्रसों समझिये ॥ अनुपविलाससें संपूरण । ग्रहांश रिषभ न्यास षड्ज ॥

मालकोंसकी तृतीय रागनी--गौरी ३ (संपूर्ण).

रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, नीचली सप्तककी मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, उपरली सप्तककी मात्रा एक
नि	निषाद चढी, मात्रा एक	नि	निषाद चढी, मात्रा एक

ध	धैवत उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
म	मध्यम चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

नि	निषाद चढी, नीचली सप्तककी मात्रा एक	नि	निषाद चढी, नीचली सप्तककी मात्रा एक
म	मध्यम चढी, नीचली सप्तककी मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
ध	धैवत उतरी, नीचली सप्तककी मात्रा एक	नि	निषाद चढी, नीचली सप्तककी मात्रा एक

रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक	नि	निषाद चढी, नीचली सप्तककी मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

॥ इति मालकौंस रागकी तीसरी रागनी गौरी संपूर्णम् ॥

अथ मालकौंसकी चोथी रागनी गुनकरी ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ गुणकरीकों शिवजीनें वामदेव मुखसों गायके । मालकौंसकी छाया जुक्ति देखी मालकौंसको दीनी ॥ अथ गुणकरीको स्वरूप लिख्यते ॥ शोक करिके व्याप्त ओर लाल जाके नेत्र है । ओर दीनताईसों देखे हैं नीचो जाको मुख हें । अरू धूमरमें लोटवेसों धूमर जाको देह है । चोटि जाकी खुली रही है। पीयके संगमकी चाहसों पीडित है । ओर करुण रसमें मग्न है । दूबरो जाको अंग है । ऐसी जो रागनी तांहि गुनकरि जांनिये ॥ शास्त्रमें तो यह पांच सुरनमें गाई है । स रि म प ध सा । यातें ओडव है । याको दिनके तीसरे पहरके प्रथम एक घडीमें गाईये । यहतो याको वखत है । ओर तीसरे पहरमें चाहो जब गावो । याकी आलाप चारी पांच सुरनमें किये । राग वरतेसों जंत्रसों समझिये । संगीत पारीजातसें । ग्रहांश । धैवत । न्यास । षड्ज ॥

मालकौंसकी चोथी रागनी गुनकरी ४ (ओडव).

ध	धैवत चढी, मात्रा दोय	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, उपरलि सप्तककी मात्रा तीन
स	षड्ज असलि, ऊपरलि सप्तककी मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा दोय

स	षड्ज असलि, मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
ध	धैवत चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा तीन	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

ध	धैवत उतरी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
म	मध्यम चढी, मात्रा दोय	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
प	पचम असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

॥ इति मालकौंसकी गुनकरी रागनी संपूर्णम् ॥

अथ मालकौंसकी पांचई रागनी ककुभा ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ याहूकों शिवजींनें वामदेव मुखसों गायके मालकौंसकी छाया जुक्ति देखी मालकौंसको दीनी ॥ अथ ककुभाको स्वरूप लिख्यते ॥ गौर सुंदर पुष्ट जाके अंग है । अरू रतिके चिन्ह जाके अंगमें है । ओर विचित्र जाको मुख है । चंपाके फूलकी माला पहरे है । कटाक्षयुक्त जाके नेत्र है । ओर पैलेके चित्तकों हावभाव करिके वस करे है । सुंदर जाको स्वरूप है । ऐसी जो रागनी ताहि ककुभा जांनिये ॥ शास्त्रमें तो यह सात सुरनमें गाई है। ध नि स रि ग म प ध । यातें संपूर्ण है । याको दिनमें दूसरे पहरमें गावनी । यहतो याको बखत है । ओर दिनके दूसरे पहरमें चाहो तब गावो । याकी आलाप चारी सात सुरनमें किये । राग वरतेंसों जंत्रसों समझिये । संगीत दरपनसें । ग्रहांश । धैवत । यनस । षड्ज ॥

अथ मालकौंसकी पांचमी रागनी ककुभा ५ (संपूर्ण).

ध	धैवत चढी, नीचली सप्तककी मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा दोय
रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा दोय
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक

रि	रिषभ चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय
स	षड्ज असलि, मात्रा तीन	रि	रिषभ चढी, मात्रा दोय
ध	धैवत चढी, नीचली सप्तककी मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, नीचली सप्तककी मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक

नि	निषाध चढी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा दोय	प	पंचम असलि, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक

म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक		

॥ इति मालकोंसकी रागनी ककुभा पांचमी संपूर्णम् ॥

अथ हिंडोल रागकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीके प्रथम सद्यो-जात नाम मुखतें हिंडोल राग भयो । सो देवतानमें सतो गुणके उदयके अरथ । यह राग आनंदरूप है । याके श्रवण करिके देवतानको चित्त आनंदरूपी । हिंडोलमें झुल्यों यातें हिंडोल कहत है । अथ हिंडोल रागकों स्वरूप लिख्यते ॥ ठेंगनों जाको श्यामरूप हैं।ओर कपोतके कंठकेसी द्युतिको धरे हैं। बडो कामी है। ओर तरुण स्त्री जाको मंद झोला दे हैं । ऐसे हिंडोरामें बेठिके झूलिवेके सुखको धरे है । ऐसो जो राग ताहि हिंडोल जांनिये ॥ शास्त्रमेंतो यह पांच सुरनमें गायो है । स ग म ध नि स । स नि ध म ग स । यातें औडव है। याको दोय घडी दिन चढे उपरांत च्यार घडी दिन चढे जहां तांई गावनों । यहतो याको बखत है । दिनमें चाहो जब गावो ॥ अथ हिंडोल रागकी परीक्षा लिख्यते ॥ जो हिंडोराको साजि करिके राखिये । ओर वाके आगें हिंडोल राग गाईये । जो गाईवेसों हिंडोरा विनाहि । झोला दीये हाले तब हिंडोल राग सांचो जांनिये ॥ अब याकी आलापचारि पांच सुरनमें किये । राग वरतेसो जंत्रसों समझिये । संगीत दरपनसें । ग्रहांश । न्यास । षड्जमें ॥

अथ तृतीय राग हिंडोल ३ (ओढव).

सं	षड्ज असलि,पूरण मात्रा च्यार	म	मध्यम चढी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा एक

स	षड्ज असलि, मात्रा चार	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
ध	धैवत उतरी, मात्रा एक	म	मध्यम चढी, मात्रा एक
म	मध्यम चढी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा दोय
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	स	षड्ज पूरन, मात्रा चार
नि	निषाद चढी, मात्रा एक		

॥ इति तृतीय राग हिंडोल राग संपूर्णम् ॥

अथ हिंडोल रागकी पांचो रागनीनकी उत्पत्ति लिख्यते ॥
शिवजीनें वाकी रागनीनमंसों विभाग करिवेकों । पांच रागिनी सद्यो जात नाम मुखसों गायके । हिंडोलकी छाया युक्ती देखि हिंडोल रागको दीनी ॥ अथ बिलावली हिंडोलकी प्रथम रागनीकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें पांचो रागनीनेंसों विभाग करिवेकों प्रथम बिलावली सद्यो जात नाम मुखसों गाईके । हिंडोलकी छाया युक्ति देखि हिंडोल रागकों दीनी ॥ अथ बिलावलीको स्वरूप लिख्यते ॥ संकेतमें पियके पास जायवेको । अंगनमें आभूषन पहरे हैं । ओर अपनो इष्ट देव जो कामदेव ताको वारंवार स्मरण करे है ॥ नीले कमलको सो जाको शरीरको रंग है । ऐसी जो रागिनी ताहि बिलावली जांनिये ॥ शास्त्रमें तो यह सात सुरनसो गाई है ॥ ध नि स रि ग म प ध । यातें संपूर्ण है । याको दिनके प्रथम पहरकी पांचवी घडीमें गावनों ॥ यहतो याको बखतहे । ओर प्रथम पहरमें चाहो तब गावों । याकी आलाप चारि सात सुरनमें किये । राग वरतेसो जो जंत्रसो समझिये । संगीत दरपनसें । ग्रहांश धैवत । न्यास षड्ज । अनूप विलाससें ॥

हिंडोलरागकी प्रथम विलावली रागनी १ (संपूर्ण).

ध	धैवत चढी, नीचली सप्तककी मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	ध	धैवत उतरी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक

ग	गांधार चढी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक	ध	धैवत चढी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	नि	निषाद उतरी, मात्रा एक

ध	धैवत चढी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक

ग	गांधार चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय
रि	रिषभ चढी, मात्रा एक		

॥ इति हिंडोलरागकी प्रथम रागनी बिलावली संपूर्णम् ॥

अथ हिंडोलकी दूसरी रागनी रामकली ताकी उत्पत्ति लिख्यते ॥

शिवजीनें उन रागनमेसों विभाग करिवेकों । सद्यो जात नाम मुखसों गाईके । हिंडोलकी छाया युक्ती देखी हिंडोल रागकों दीनी ॥ अथ रामकलीको स्वरूप लिख्यते ॥ सोनेको जाको शरीरको रंग है । अरु देदीप्यमान आभूषन पहरे है । नीले पीतांबरको शरीरमें पहरे है । ओर अपने पतीकेपास बेठी है । मनोहर जाको कंठस्वर है । बडो जाको मान स्वर है । ऐसी जो रागिनी तांहि रामकली जांनिये ॥ शास्त्रमें तो यह सात सुरनमें गाई है । स रि ग म प ध नि स । याते संपूर्ण है । ओर कोईक याको रिषभ धैवतहीन कहे है । स ग म प नि स । याते ओडव है । ओर कितने ऋ याको पंचम स्वरहीन कहे है । स रि ग म ध नि स । यातें षाडव है । याको दिनके प्रथम पहरकी दूसरी घडीमें गाईये । यह तो याको बखत है । ओर प्रथम पहरमें चाहो तब गावो । याकी आलाप चारी सात सुरनमें वा छ सुरनमें वा पांच सुरनमें किये राग बरतेतो जंत्रसों समाझिये ॥ संगीत दरपनसें ग्रहांश न्यास षड्ज ॥

हिंडोल रागकी दूसरी रामकली रागनी २ (संपूर्ण).

स	षड्ज असलि, मात्रा एक	ग	गांधार उतरी, मात्रा एक
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
स	षड्ज असली, मात्रा एक	ध	धैवत उतरी, मात्रा दोय
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	नि	निषाद उतरी, मात्रा एक

ध	धैवत उतरी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	ग	गांधार उतरी, मात्रा एक
ध	धैवत उतरी, मात्रा दोय	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक.

रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय	ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय
ध	धैवत उतरी, मात्रा दोय	रि	रिषभ उतरी, मात्रा दोय
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

॥ इति हिंडोलरागकी दूसरी रागनी रामकली संपूर्णम् ॥

रामकलीको देसी जंत्र रागनी रामकली (संपूर्ण).

म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा तीन
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा दोय

ध	धैवत उतरी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक

म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	नि	निषाद अंतरकी मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	ध	धैवत उतरी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
ध	धैवत उतरी, मात्रा एक	ध	धैवत उतरी, मात्रा दोय

प	पंचम असलि, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक		

॥ इति रामकली रागको देसी जंत्र संपूर्णम् ॥

अथ हिंडोलकी तीसरी देसाख नाम रागनीकी उत्पत्ति लिख्यते ॥

शिवजीनें वाकी रागनीनमेंसों विभाग करिकें । सद्यो जात नाम मुखसों गायकें देसाखको हिंडोलकी छाया जुक्त देखी हिंडोलको देसाख दीनी ॥ अथ देसाखको

स्वरूप लिख्यते ॥ गौर उज्जल वीररससों जाके शरीरमें रोमांच भयो है । मल्ल-जुद्धके संबंधसों विलासयुक्त जाके बाहू है । लंबो जाको स्वरूप है ओर उग्र है । ओर चंद्रमासो जाको मुख है । ऐसी जो रागिनी तांहि देसाख जांनिये ॥ शास्त्रमें तो छ सुरनमें गाई है । ग म प ध नि स ग । यातें षाडव है । ओर कोईक याको संपूर्ण कहे है । ग म प ध नि स रि ग । यातें संपूर्ण है । याको दिनके दूसरे पहरमें पांचवी घडीमें गावनी । यहतो याको बखत है । अरु दूसरे पहरमें चाहो जब गावो । याकी आलाप चारी छ सुरनमें वा सात सुरनमें किये राग बरतेसों जंत्रसों समझिये ॥ संगीत पारिजातसें संपूर्ण । ग्रहांश । गांधार । न्यास षड्ज ॥

हिंडोल रागकी तृतीय देसाख रागनी ३ (संपूर्ण).

ग	गांधार उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार उतरी, मध्यमसों मिं-डीके मात्रा चार
प	पंचम असलि, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय
प	पंचम असलि, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक

स	षड्ज असलि, मात्रा दोय	प	पंचम असलि, मात्रा एक
नि॒	निषाद उतरी, नीचली सप्तककी मात्रा एक	स	षड्ज असलि, उपरली सप्तककी मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	ध	धैवत उतरी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, निषादसों मिंडि मात्रा दोय	प	पंचम असलि, मात्रा एक

ध	धैवत उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ चढी, मात्रा एक
ग	गांधार उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक		

॥ इति हिंडोल रागकी तीसरी देसाख रागनी संपूर्णम् ॥

अथ हिंडोलकी चोथी रागनी पटमंजरीकी उत्पत्ति लिख्यते ॥

शिवजीनें वाकी रागनीनमेंसों विभाग करिवेकों। सद्यो जात नाम मुखसों पटमंजरी गाईके हिंडोलकी छाया युक्ति देखी हिंडोल रागकों दीनी ॥ अथ पटमंजरीको स्वरूप लिख्यते ॥ पतिके वियोगसों अंग जाके दूबरे हैं ओर सुंदर है। ओर जाके कंठमे फूलनकी माल विरहके संतापसों सूकि रही है। प्यारी सखी जाको धिरज बधावे है। ओर धूलिसों धूमर जाको अंग है। ऐसी जो रागनी तांहि पटमंजरी जांनिये। शास्त्रमें तो यह सात सुरनसों गाई है। प ध नि स रि ग म प। यातें संपूर्ण है। याको दिनके प्रथम पहरकी छटी घडीमें गाईये। यह तो याको बखत है। अरु दिनके प्रथम पहरमें चाहो तब गावो। याकी आलाप चारि। सात सुरनमें किये। राग वरतेसों जंत्रसों समझिये। संगीत दरपनसें। ग्रहांश पंचम संगीत पारिजातसें न्यास षड्ज ॥

इति हिंडोल रागकी चतुर्थ पटमंजरी रागनी ४ (संपूर्ण).

प	पंचम असलि, मात्रा एक	ध	धैवत उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, नीचली सप्तककी मात्रा एक
नि	निषाध उतरी, मात्रा दोय	नि	निषाद उतरी, मात्रा एक

स	षड्ज असलि, ऊपरली सप्तककी मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा एक
नि	निषाध उतरी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
ध	धैवत उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार उतरी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
नि	निषाद उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
ध	धैवत उतरी, मात्रा एक		

॥ इति हिंडोल रागकी रागनी चोथी पटमंजरी संपूर्णम् ॥

अथ हिंडोलकी पांचवी रागनी ललितकी उत्पत्ति लिख्यते ॥
शिवजीनें उनमेसों विभाग करिवेकों । सद्यो जात नाम मुखसों गाईके । वाको ललित हिंडोलकी छाया युक्ति देखी हिंडोल रागकों दीनी ॥ अथ ललितको स्वरूप लिख्यते ॥ फूले सतपराके फूलनकी माला पहरे है । अरु तरुण जाकी अवस्था है । गोरो जाको रंग है । फूले शोभायमान जाके नेत्र है । विलासमें चतुर है । ऐसो जो राग तांहि ललित जांनिये । शास्त्रमें यह पांच सुरनसों गायो है । स ग प ध नि स । यातें औडव है । अथवा स रि ग म प ध नि स । यातें संपूर्ण है । ओर कोईक याको आरंभ धैवतसों कहत है । ध नि स ग प ध । ऐसे हूं औडव है । याको सूरजके उदय पहले एक घडीमें गाईये । यह तो याको वखत है । अरु रातिके चोथे पहरमें चाहो तब गावो । याकी आलाप चारी सात सुरनमें किये राग वरतेसों जंत्रसों समझिये । संगीत दरपनसें ग्रहांश न्यास षड्जमें ॥

हिंडोल रागकी पांचवी ललित रागनी ५ (संपूर्ण).

स	षड्ज असलि, मात्रा दोय	ग	गांधार चढी, मात्रा दोय
रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा दोय	ध	धैवत उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा तीन	म	मध्यम चढी, मात्रा एक
ध	धैवत उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा एक	नि	निषाध चढी, नीचली सप्तककी मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा दोय	ग	गांधार चढी, मात्रा दोय
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, मात्रा दोय

॥ इति हिंडोलकी पांचवी रागनी ललित संपूर्णम् ॥

अथ ललित रागको मारगी जंत्र लिख्यते (ओडव) ॥

स	षड्ज असलि, ऊपरलि सप्तककी, मात्रा तीन	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
प	पंचम असलि, मात्रा तीन	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम असलि, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा दोय

स	षड्ज असलि, मात्रा दोय	प	पंचम असलि, मात्रा दोय
प	पंचम असलि, नीचली सप्तककी, मात्रा दोय	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा दोय	स	षड्ज असलि, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा दोय	नि	निषाध चढी, मात्रा एक

॥ इति हिंडोल रागकी पांचो रागनी संपूर्णम् ॥

अथ दीपककी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीके तत्पुरुष चौथे मुखतें दीपक राग भयो आनंद करिके । देवता जड होगये तिनके चेतनाके अरथ । यह राग चैतन्यरूप अग्निमय है । याके श्रवण करिके देवता सावधान भये ॥ अथ दीपककों स्वरूप लिख्यते ॥ बाला स्त्रीसों सुरत करिवेको दीपक युक्त जो घर तामें बेठो है । ओर सुंदर जाको गौर स्वरूप है । तहां नाईकाके सीस फूलके जे रत है । तिनसों अत्यंत प्रकास भयो जांनिके लज्जासों दीपककों बडोकरतो जो राग तांहि दीपक राग जांनिये ॥ शास्त्रमें तो यह सात सुरनसों गायो है । स रि ग म प ध नि स । यातें संपूर्ण है । याको संध्याके समयमें एक घडी घटतें गांवनो । रातिके तीसरे पहरतांई गांवनो । यह तो याको बखत है । अरु कोई याको बखत सायंकालमें कहे है । अरु दिवालीके दिन चाहो जब गावों सदा मंगलीक है ॥ अथ दीपक रागकी परीक्षा लिख्यते ॥ जो दीवामें बाति तेल धरि वाकों जोवे नही । अरु दीपक राग गाईये । जो गायवेसों दीया आपहीसों जुपवेलगिजाय तब दीपक राग सांचो जांनिये । यह राग देवलोकमें बरत्योजाय है । मनुष्यलोकमें याको वरतवेकी काहूकी सामर्थ्य नही याते ॥

अथ दीपक रागकी पांचो रागनीनकी उत्पत्ति लिख्यते ॥ शिवजीनें वाकी रागनीनमेसों विभाग करिवेकों । तत्पुरुष नाम मुखसों । पांचो रागनी गाईके ईन रागनीनको दीपककी छाया युक्ति देखी । दीपक रागका दीनी ॥ अथ दीपककी प्रथम रागनी केदारिको स्वरूप लिख्यते ॥ अंग गौर

जिसके माथेमें जटा विराजे है। अरु चंद्रमा जाके भालमें विराजे है। जाके सापनके आभूषन है। और योगपटको धारन करे है। जाको चित्त शिवके ध्यानमें मगन है। ऐसी जो रागनी ताहि केदारी जानिये। शास्त्रमें तो यह पांच सुरमें गाई है। नि स ग म प नि। नि प म ग स नि। यातें औडव है। याको रातिके दूसरे पहरकी प्रथम घडीमें गावनी। यह तो याको बखत है। अरु रातिके दूसरे पहरमें चाहो तब गावो। याकी आलापचारी सात सुरनमें किये। राग वरतेसों जंत्रसों समझिये। संगीत दरपनसें। ग्रहांश न्यास निषाद॥

अथ दीपक रागकी प्रथम रागनी केदारी १ (संपूर्ण).

नि	निषाद चढी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
स	षड्ज असलि, मात्रा एक	ग	गांधार चढी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा दोय	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
ग	गांधार चढी, मात्रा एक	प	पंचम असलि, मात्रा तीन
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	स	षड्ज असलि, ऊपरली सप्तककी मात्रा दोय
प	पंचम असलि, मात्रा दोय	ग	गांधार चढी, ऊपरली सप्तककी मात्रा दोय

ध	धैवत उतरी, मात्रा एक	म	मध्यम उतरी, मात्रा एक
म	मध्यम उतरी, मात्रा एक	ध	धैवत उतरी, मात्रा दोय
ध	धैवत उतरी, मात्रा एक	ग	गांधार उतरी, मात्रा दोय
ग	गांधार उतरी, मात्रा एक	रि	रिषभ उतरी, मात्रा एक